वर्ष 24, अंक 146, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 5 दिसंबर 2025
विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# पुतिन-मोदी की 'वन कार' कूटनीति:


## पालम से पीएम आवास तक, भारत-रूस की गहरी दोस्ती का नया अध्याय

**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट से एक ही कार में रवाना हुए। पुतिन भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। वह 5 दिसंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करने वाले एक दुर्लभ कूटनीतिक कदम के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मानक प्रोटोकॉल तोड़ते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत किया।

क्रेमलिन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विमान रैंप पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत करने का कदम अप्रत्याशित था और रूसी पक्ष को इसकी जानकारी पहले से नहीं दी गई थी। नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पालम हवाई अड्डे से रवाना होने के कुछ ही मिनट बाद दिल्ली में 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास पर डिनर का आयोजन किया गया है जिसमें राष्ट्रपति पुतिन-पीएम मोदी शामिल होंगे। यह कदम दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी और घनिष्ठ संबंधों को दशार्ता है।

### पुतिन का दिल्ली में स्वागत करते हुए खुशी हो रही: पीएम मोदी

**पीएम** मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "मुझे अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का दिल्ली में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है. मैं आज शाम और कल हमारी बैठकों का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं. भारत और रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है, इससे हमारे लोगों को अपार लाभ हुआ है."



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे। यह भाव उस समय एक गर्मजोशी भरा स्मरण था जब दोनों नेता 1 सितंबर को चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति के ऑरस सीनेट में द्विपक्षीय बैठक स्थल तक कार से गए थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ यात्रा पर आने के लिए लगभग 10 मिनट तक प्रतीक्षा की।

भारत पहुँचने पर पुतिन का औपचारिक स्वागत किया गया, जिसने भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों को उजागर किया।


पुतिन की भारत यात्रा पश्चिमी अलगाव के बावजूद वैश्विक प्रभाव बनाए रखने के रूस के प्रयासों को उजागर करती है। यह यात्रा वैश्विक राजनीति में भारत के रणनीतिक संतुलन को रेखांकित करती है, जो पश्चिम के साथ संबंधों को संतुलित करते हुए रूस के साथ संबंधों को मजबूत करेगी। प्रमुख चचाओं में यूक्रेन संघर्ष, अफगानिस्तान और भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी का विस्तार शामिल हो सकता है।

2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू करने के बाद, 2021 के बाद पुतिन की यह पहली भारत यात्रा होगी। इस यात्रा में व्यापार, रक्षा सहयोग और ऊर्जा साझेदारी को बढ़ावा देने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान दिल्ली और मास्को के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह यात्रा अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदना बंद करने के लिए दबाव बढ़ाने के कुछ महीनों बाद हो रही है।

# एसआईआर का काम गलत नहीं है- प्रवीण तोगड़िया

**नई दिल्ली**
**अंतर्राष्ट्रीय** हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने देश के कई राज्यों में चल रहे वोटर लिस्ट की एसआईआर के अभियान को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि सरकार अगर सिर्फ एक काम कर ले तो एसआईआर की कोई जरूरत ही नहीं है. सरकार सिर्फ बांग्लादेशियों को बाहर निकाल दे.

प्रवीण तोगड़िया ने राजस्थान के पाली जिले में आयोजित एक समारोह में कहा कि सरकार सिर्फ भारत में रह रहे तीन करोड़ बांग्लादेशियों को बाहर निकाल दे तो फिर एसआईआर की कोई जरूरत ही नहीं रह जाएगी. एसआईआर का काम गलत नहीं है-



प्रवीण तोगड़िया

प्रवीण तोगड़िया ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि वोटर लिस्ट की एसआईआर का काम गलत नहीं है. उनके मुताबिक इस मामले में दो काम जरूर होना चाहिए. देश में रहने वाले किसी भी वैध नागरिक का नाम वोटर लिस्ट से बाहर नहीं होना चाहिए और साथ ही किसी भी बांग्लादेशी का नाम देश की वोटर लिस्ट में कतई नहीं होना चाहिए.

प्रवीण तोगड़िया के मुताबिक सरकार को भारत की वोटर लिस्ट में शामिल 3 करोड़ बांग्लादेशियों को बाहर निकलने का काम गंभीरता से करना चाहिए. अगर ऐसा हो गया तो फिर एसआईआर की कोई जरूरत ही नहीं पड़ेगी.

सोमनाथ मंदिर भटवाड़ा में आयोजित स्वागत समारोह में तोगड़िया ने बेरोजगार युवाओं, किसानों और शिक्षा व्यवस्था पर भी अपनी बात रखी. उन्होंने कहा-युवाओं को रोजगार देने, शिक्षा को सस्ती करने और किसानों को ब्याजमुक्त लोन देने पर गंभीरता से काम होना चाहिए. राष्ट्रहित में कड़े निर्णय लेने होंगे।

# इंडिगो की 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल होने पर बवाल

**नई दिल्ली**
**एविशन** सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो लगातार तीसरे दिन क्रू की कमी से जूझ रही है. इससे इंडिगो के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है. न्यूज एजेंसी ढळक के मुताबिक, गुरुवार को दिल्ली, मुंबई सहित 10 से ज्यादा एयरपोर्ट में इंडिगो की 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं.

आज यानी 4 दिसंबर को इंडिगो के अधिकारियों और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के बीच बैठक हुई. यह बैठक देश भर में चल रही



उड़ानों की रुकावटों के बीच बुलाई गई थी.

बेंगलुरु और हैदराबाद में 120 फ्लाइट्स रद्द

दिल्ली एयरपोर्ट पर आज इंडिगो की कुल 95 उड़ानें रद्द हुई हैं. इनमें 48 दिल्ली से जाने और 47 आने वाली घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स थीं. मुंबई में 86, बेंगलुरु में 73, हैदराबाद में 64, जयपुर में 4 और इंदौर में 3 उड़ानें रद्द हुई हैं. 3 दिसंबर को 10 में से 2 फ्लाइट्स भी समय से उड़ान नहीं भर सकीं. बुधवार को 1700 और मंगलवार को 1400 फ्लाइट्स कैंसिल हुईं थीं. यानी बीते 2 दिनों में 3000 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हो गईं. दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की भीड़ और अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला. विमानन क्षेत्र के सूत्रों के मुताबिक, पिछले 3 दिनों में रद्द हुई उड़ानों की कुल संख्या 600 को पार कर गई है.

इंडिगो एयरलाइन दिनभर में लगभग 2,300 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें ऑपरेट करती है।

यह संख्या एअर इंडिया के एक दिन में संचालित उड़ानों की लगभग दोगुनी है. इतने बड़े पैमाने पर अगर 10झ20% उड़ानें भी देर से चलें या रद्द हों, तो इसका मतलब होता है ।

### पलटवार में जारी हुआ विदेशी नेताओं से राहुल की मुलाकातों का ब्यौरा

# विदेशी नेताओं को हमसे नहीं मिलने देती सरकार

**नई दिल्ली**
**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि मोदी सरकार विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से मिलने से रोक रही है क्योंकि वह खुद को असुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई विशिष्ट विदेशी मेहमान भारत आता है या वह विदेश जाते हैं तो सरकार की तरफ से कहा जाता है कि उनसे (राहुल से) मुलाकात नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से कुछ घंटे पहले यह दावा किया।



इस बीच, विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आधिकारिक विदेशी दौरे के दौरान मंत्रालय की जिम्मेदारी केवल सरकारी अधिकारियों और निर्धारित सरकारी संस्थाओं के साथ मुलाकातों को सुगम बनाना होती है। मंत्रालय ने कहा कि सरकारी ढांचे से बाहर होने वाली किसी भी बैठक या कार्यक्रम का आयोजन पूरी तरह उस विदेशी प्रतिनिधिमंडल के विवेक पर निर्भर करता है।

सरकारी सूत्रों ने यह भी बताया कि 9 जून 2024 को राहुल गांधी के विपक्ष के नेता का पद संभालने के बाद से कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नेता उनसे मुलाकात कर चुके हैं। इनमें 10 जून 2024 को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, 21 अगस्त 2024 को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवार इब्राहिम, 8 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और 16 सितंबर 2025 को मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन सभी मुलाकातों का कार्यक्रम संबंधित विदेशी प्रतिनिधिमंडलों ने स्वयं तय किया था और इन्हें सरकार के आधिकारिक प्रोटोकॉल का हिस्सा नहीं माना जाता। मंत्रालय ने दोहराया कि भारत आने वाले किसी भी उच्चस्तरीय अतिथि को केवल सरकारी स्तर की बैठकों के लिए ही टएअ सहायता उपलब्ध कराता है।

# भविष्य की सुरक्षा पर भारत-रूस की अहम बैठक, विशेष साझेदारी से बढ़ेगी वैश्विक शक्ति

**नई दिल्ली**
**सैन्य** एवं सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की 22वीं मंत्रिस्तरीय बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव ने सहयोग के विविध पहलुओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान बोलते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि रूस भारत का एक समय-परीक्षित मित्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा



सहयोग पर चर्चा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए भारत आने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ।

# "मैं मस्जिद की नींव रखूंगा, कोई रोक नहीं सकता"- हुमायूं कबीर

**पश्चिम बंगाल**
**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) ने गुरुवार को देबरा विधायक हुमायूं कबीर को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद बनाने के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने के बाद निलंबित कर दिया। पार्टी ने उन पर सांप्रदायिक तनाव भड़काने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। हालांकि, अब भी हुमायूं कबीर बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद बनाने को लेकर अड़े हुए है।

मीडिया से बातचीत में हुमायूं कबीर ने कहा कि जब मैंने कहा था कि नींव रखेंगे, तो नींव रखेंगे। सब कुछ बाद में बताया जाएगा। 25 बीघा जमीन पर एक इस्लामिक अस्पताल, रेस्ट हाउस, होटल-कम-रेस्टोरेंट, हेलीपैड, पार्क और मेडिकल कॉलेज बनेगा। थोड़ा इंतजार करो। चिंता मत करो। आने वाले दिनों में हम ये काम पूरा कर देंगे। उन्होंने तेवर दिखाते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद में और कौन वादे करेगा? हुमायूँ कबीर को कौन रोक सकता है... मैं उन्हें चुनौती दे रहा हूँ।

ममता बनर्जी पर निशाना सधाते हुए हुमायूं कबीर ने कहा कि जब वह पहली बार सत्ता में आईं, तो उन्हें 182 सीटें मिलीं। मुझे उनकी जरूरत थी। मुझे पार्टी में शामिल किया गया।

# प्रदूषण, रुपये की गिरावट, पान मसाला उपकर

**नई दिल्ली**
**संसद** के शीतकालीन सत्र का आज चौथा दिन था। आज चौथे दिन दोनों ही सदनों में सामान्य कामकाज देखने को मिला। हालांकि प्रदूषण को लेकर दोनों सदनों में विपक्ष की ओर से शोर जरूर किया गया। वहीं, विपक्ष के सांसदों ने वायु प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन भी किया। दूसरी ओर विपक्ष रुपए की कीमत में लगातार गिरावट को भी मुद्दा बनाने की कोशिश करता रहा। कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ पंजीकरण की समयसीमा बढ़ाने की लोकसभा में मांग की। राज्यसभा में डॉक्टरों की सुरक्षा का मुद्दा उठा और इसको लेकर राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की गई। वहीं, सरकार ने कहा कि देश में न्यायाधीशों की पद पर बने रहने की आयु सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

लोकसभा की कार्यवाही

- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि ह्यजल जीवन मिशनह्न को लेकर सांसदों की तरफ से जो शिकायतें आई हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा इस योजना में किसी भी तरह की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी।

- कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को पान मसाला पर उपकर लगाने वाले विधेयक को ह्यइंस्पेक्टर राजह्न की वापसी करने वाला कदम करार दिया और कहा कि इसे प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधेयक के लिए सरकार की सराहना करते हुए कहा कि

### संसद के चौथे दिन गरमागरम बहस



इसके माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों हितों को साधा गया है। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि पान मसाला के उत्पादन पर उपकर लगाने के प्रावधान का मकसद स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है तथा इससे मिलने वाले राजस्व का एक हिस्सा राज्यों के साथ साझा किया जाएगा।

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि टोल संग्रह की मौजूदा प्रणाली एक साल के भीतर समाप्त हो जाएगी और इसकी जगह एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली लेगी, जो राजमार्ग से गुजरने वालों की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगी।

- भाजपा सांसद अरुण गोविल ने मस्जिदों और मदरसों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की बृहस्पतिवार को मांग करते हुए कहा कि ये भी बड़े सार्वजनिक और सामुदायिक स्थल हैं, जहां सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है।

उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि वर्तमान में देशभर में मंदिर, चर्च, गुरुद्वारे, कॉलेजों, अस्पतालों, बाजारों और अधिकांश सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके हैं।

# काशी तमिल संगमम् के प्रथम दल के सदस्यों के प्रयागराज आगमन पर उनका भव्य रूप से किया गया स्वागत

## काशी तमिल संगमम् यात्रा उत्तर एवं दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का संगम : महापौर

### संगम क्षेत्र के विहंगम एवं मनोहारी दृश्य देखकर अभिभूत हुए काशी तमिल संगमम् टीम के सदस्यगण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** काशी तमिल संगमम् कार्यक्रम के प्रथम दल के सदस्यों का गुरूवार को जनपद प्रयागराज आगमन पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह के द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। प्रथम दल में लगभग 200 सदस्य प्रयागराज आयें। इस अवसर पर जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। शिवांक द्विवेदी एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा भजन गाकर लोगो को मंत्रमुग्ध किया। काशी तमिल संगमम् के सदस्यों को गंगा जल भेंट किया गया। इस अवसर पर महापौर जी के द्वारा दल के टीम लीडर को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय द्वारा अभिलेख एवं पांडुलिपियों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसमें कागज तथा ताड़पत्र के पौराणिक ग्रंथो के प्रदर्श विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह उनकी सोच का परिणाम है कि हमारे दक्षिण भारत के भाई-बहन उत्तर भारत में आकर भारत की साझा संस्कृति, परम्पराओं, मान्यताओं का अनुभव प्राप्त कर रहे है। आज उत्तर और दक्षिण का संगम इस पावन संगम तट पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर आप लोगो का आगमन निश्चित रूप से भारत के उज्ज्वल भविष्य का सूचक है। प्रधानमंत्री जी ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए जिस प्रकार से अपनी नीतियों के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने का कार्य किया है, वैसे ही किस तरह से समाज समरस हो, समतायुक्त, ममतायुक्त, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत समाज का निर्माण हो, उसके लिए भी कौन-कौन से कार्य हो सकते है, उसको भी करने का कार्य किया है, उसी का परिणाम है यह काशी-तमिल संगमम् यात्रा। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम् यात्रा न केवल उत्तर और दक्षिण को जोड़ने का काम करेगी, बल्कि इस देश के अंदर जाति, भाषा, क्षेत्रवाद का समूल उन्मूलन करने का काम करेगी। उन्होंने यात्रा में सम्मिलित सभी लोगो का स्वागत व अभिनंदन किया।

काशी तमिल संगमम् टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन/स्नान कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर सदस्यगण मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सैण्ड आर्ट का अवलोकन किया गया। संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात काशी तमिल संगमम् टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किए। इसके उपरांत टीम के सदस्य शंकर विमान मण्डपम मंदिर, स्वामी नारायण मंदिर भी गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बिजली राहत योजना में उपभोक्ताओं की भारी भीड़, चार उपकेंद्रों पर कैंपों में अब तक 10 लाख तक की वसूली



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ उपखंड क्षेत्र में चल रही बिजली राहत योजना उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। उपखंड के शंकरगढ़,बारा, लालापुर और भीटा चारों उपकेंद्रों पर बिजली विभाग द्वारा कैंप लगाकर लॉक पेड़ कंज्यूमर, नेवर पेड़ कंज्यूमर तथा राहत योजना में शामिल सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन कर बकाया बिल जमा कराया जा रहा है।अधिकारियों के अनुसार उपभोक्ताओं को ब्याज में 100 प्रतिशत छूट तथा मूल धनराशि पर 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिसके चलते उपभोक्ताओं में इस योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही कैंपों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं और लोग स्वयं बिल जमा करने पहुंच रहे हैं।इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी उपखंड अधिकारी शंकरगढ़ भगवंत सिंह एवं अवर अभियंता अनिल कुमार प्रजापति द्वारा की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है और सभी कैंपों पर सुचारू रूप से रजिस्ट्रेशन व बिल जमा कराया जा रहा है।यह राहत योजना 1 दिसंबर से लागू की गई थी और कुछ ही दिनों में इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देने लगा है। विभाग के अनुसार अब तक 8 से 10 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यह योजना उनके लिए बेहद लाभदायक साबित हो रही है, क्योंकि छूट मिलने से पुराने बकाया चुकाना आसान हो गया है।बिजली विभाग को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में कैंपों पर भीड़ और बढ़ेगी तथा बिल जमा कराने का आंकड़ा और तेजी से ऊपर जाएगा। विभाग के लिए भी यह योजना बेहद सफल साबित हो रही है।



घूरपुर प्रतापपुर मार्ग से बेलामुंडी पचवर जाने वाली मुख्य सड़क का हाल

# 30 वर्षों से बदहाल है बसहरा से बेलामुंडी पचवर संपर्क मार्ग

दीपक पाण्डेय

### मुख्यमंत्री, विधायक से लेकर जिलाधिकारी को कई बार लिखा गया है पत्र

**लालापुर।** सरकार के जनप्रतिनिधि व हुक्मरान सड़को को गड्ढा मुक्त करने का ढिंढोरा पीटने से नहीं थकते परंतु इस सड़क पर पैदल चलने से आप जरूर थक जाएंगे ।शहर से लगभग 32 किलोमीटर की दूरी पर एक सड़क है जो लगभग 30 वर्षों से इस इंतजार में है की कब उसके दिन बहुरेंगे और आवागमन शुरू होगा ।घूरपुर प्रतापपुर मुख्य सड़क से बेलामुंडी पचवर संपर्क मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हालत में पहुंच गई है। बेला बांध के पास सड़क का स्वरूप ही खत्म हो चुका है ।ग्रामीणों को बसहरा मार्केट आने के लिए दस किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है ।बसहरा से बेलामुंडी जाने वाली सड़क लगभग 30 वर्ष से मरम्मती करण की बाट जोह रही है, बरसात में इस सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाता है ।वाहन लेकर चलना तो दूर पैदल जाने के लिए भी कई बार सोचना पड़ता है ।विधायक बारा डाक्टर वाचस्पति ने सड़क को सही कराने के लिए प्रमुख सचिव को पत्र देकर अवगत कराया परंतु आज तक अधिकारियों ने इस पर कोई करवाई नही किया। बेलामुंडी गांव के भूपेंद्र मिश्र, सूर्यबली तिवारी, अभिषेक शुक्ल, नागनपुर के अभिषेक तिवारी, पचवर के राजू शुक्ल, दिलीप पांडेय, बसहरा के बलबीर सिंह, मझियारी के तीरथ कपुरीहा, कुलदीप पांडेय, अंकुश पांडेय, जिला पंचायत सदस्य बृजेश यादव ने बताया की प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी प्रयागराज, पीडब्लूडी एवं जिला पंचायत विभाग सहित संबंधित विभाग को कई बार शिकायती पत्र देकर सड़क सही कराने की गुहार लगाई परंतु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

# कोरांव भगेसर में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता 6 को समापन



**कोरांव।** कोरांव के भगेसर ग्राम सभा में एक ऐतिहासिक कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उक्त जानकारी आयोजक मंडल के हिंछलाल कोल पूर्व बीडीसी मेंबर एवं किताब अली एडवोकेट एवं सपा नेता ने दी। 5 दिसंबर 2025 को यानी आज मैच कबड्डी का होगा और 6 दिसंबर को फाइनल खेल का समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि माननीय सांसद प्रयागराज कुंवर उज्जवल रमण सिंह के कर कमलों से होगा। कबड्डी में कई जिले से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# काली पट्टी बांधकर सचिवों ने किया सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन

## .. शासन के आदेश के विरोध में सचिवों का प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश




ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते सचिव

**सोरांव।** गुरुवार को सोराव ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम पंचायत सचिवों ने शासन द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में हाथ में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन किया। जिसमें ब्लॉक के समस्त ग्राम पंचायत सचिवो ने भाग लिया तथा शासन के ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध प्रदर्शन भी किया।

वहीं स्थापना बाबू अलताब अहमद और एडीओ पंचायत सुरेंद्र यादव को जिला अधिकारी प्रयागराज से संबोधित ज्ञापन देकर बताया गया कि आगामी 4 दिसंबर तक सभी पंचायत सचिव काली पट्टी बांधकर अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय कार्यों का निष्पादन करेंगे।

पांच दिसंबर को सभी विकासखंड मुख्यालय पर जमीन में बैठकर शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। इतना ही नहीं विभाग द्वारा संचालित व्हाट्सएप ग्रुप से अपने निजी मोबाइल नंबर को लेफ्ट होने की भी चेतावनी दी है।

दस दिसंबर को विभाग द्वारा दो सौ रुपए साइकिल भत्ता मिलने वाले के स्थान पर मोटर साइकिल भत्ता की मांग करेंगे। वही यदि शासन ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में किए गए विरोध और मांगो को नहीं मानेगा तो 15 दिसंबर को ग्राम प्रधान सहित प्रत्येक सचिव अपना डोंगल पंचायत कार्यालय में जमा करने की भी बात कही। इस मौके पर सचिव अंकित मौर्य, नितेश कुमार पाल, लाल प्रताप यादव, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद साजिद, मुकेश मौर्य, प्रीति यादव, ऋचा यादव, सुनीता सिंह, यशवंत यादव सहित सभी सचिव मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से जख्मी का उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कखरी मातपुर निवासी राजेंद्र कुमार 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय किशोरी लाल 21 नवम्बर को शाम के समय गांव के नहर की पुलिया पर गए थे। बताया गया है कि अज्ञात वाहन ने राजेन्द्र कुमार को टक्कर मारकर वाहन सहित भाग गया। राजेन्द्र कुमार के घायल होने की सूचना पर परिजन पहले सीएचसी ले गए। जहां डाक्टरों ने रिफर कर दिया। बताया गया है कि उपचार के दौरान राजेन्द्र कुमार की स्वरूप रानी अस्पताल में बुधवार को देर रात में मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई राम चन्द्र ने मऊआइमा थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । राजेन्द्र की मौत पर घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक राजेन्द्र कुमार खेती किसानी करते थे।उनके तीन पुत्रऔर एक पुत्री हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### घर के शौचालय में घुसा युवक युवती को पकड़ कर घसीटा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक एक घर के पीछे बाउंड्री वॉल कूद कर घर के अन्दर बने शौचालय में छिप गया। आरोप है कि जब युवती बाथरूम में गयी तो बदनीयती के इरादे से उसका हाथ पकड़ कर घसीटने लगा। चिल्लाने पर चाची के आ जाने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे कर भाग गया। युवती के पिता ने मऊआइमा थाने में रोहित कुमार बिंद पुत्र बुखाल बिन्द के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गांजे के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार




**मांडा।** मांडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को सवा किलो से अधिक गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे भरारी-राजापुर मुख्य मार्ग पर हुई। भारतगंज चौकी इंचार्ज सुभाष कुमार सिंह, दरोगा रवि कुमार, सिपाही भरत कुमार यादव और संजय कुमार चौहान वाहन चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान भंजनपुर, थाना मांडा निवासी रमेश कुमार दुबे पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ा और उनके झोले की तलाशी ली। तलाशी में उनके पास से 1 किलो 240 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की जेब से गांजा बिक्री के 190 रुपये भी मिले। पुलिस ने रमेश कुमार दुबे को थाने लाकर आवश्यक लिखा-पढ़ी पूरी की। इसके बाद बुधवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# आवास के लिए पैसा मांगने पर, डीएम से की शिकायत, जांच के आदेश

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** विकास खंड जसरा अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरी कला निवासी वीरभद्र कोल ने जिलाधिकारी प्रयागराज को शिकायती पत्र दे कर आवास के लिए धन मांगने की शिकायत की है।

आरोप है कि वीरभद्र शासन द्वारा निर्धारित पात्रता सूची में आता है। इसके बावजूद उसका नाम सूची से काटा जा रहा है। आरोप है कि सचिव द्वारा कार्यालय में बुलाकर धन की मांग की जा रही है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी जसरा सुनील सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी। आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि हर ग्राम पंचायतों में आवास के नाम पर धन उगाही हो रही है जो सरासर गलत है। ग्राम पंचायतों में सचिवों द्वारा द्वारा गरीबों का शोषण किया जाता है, जिनकी समस्या कोई भी संबंधित अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। सूत्रों की माने तो अगर ग्राम प्रधान व सचिवों की सही जांच कराई जाये तो लगभग ज्यादातर मामलों में दोषी पाए जाएंगे।

## पुरानी रंजिश में दलित युवक को मारा पीटा गया एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर यूवक को जाति सूचक गालिया देते हुए मार पीट कर जख्मी कर दिया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बसरही निवासी दद्दू पासी पुत्र माखन लाल का आरोप है कि उस का पुत्र धर्मेंद्र कुमार ग्राम तेजपुर पंप पर तेल लेने गया था। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पहले से घात लगाकर बैठे दबंगो ने गालियां दी और जाति सूचक गालियां देते हुए मारे पीटे उक्त पूरी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। दद्दू पासी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर आकाश पटेल, अनमोल पटेल,अमन, मोहम्मद शाहिद,रईस उद्दीन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।


**नोटिस**

**उपभोक्ता संरक्षण जिला फोरम, गाजीपुर**

दिनांक-11-11-2025

परिवाद सं0- 05/2025

श्री/श्रीमती- मनीष कुमार जायसवाल

**बनाम**

श्री/श्रीमती- आई सी आई सी आई लुमवार्ड जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी

**नोटिस**

श्री/श्रीमती मनीष कुमार जायवाल पुत्र/पुत्री/पत्नी/श्री/श्रीमती रामानन्द जायसवाल ग्राम अहीरौली, पो0 तमलपुरा, तहसील मुहम्मदाबाद, परगना मुहम्मदाबाद, जनपद गाजीपुर उ0प्र0 ने इस जिला फोरम में निम्नलिखित प्रतिवादी/प्रतिवादीगण के विरूद्ध परिवाद दर्ज कराया है, जिसमें सुनवाई तिथि दिनांक 11/12/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 10.30 बजे निश्चित की गई है।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त तिथि एवं समय पर स्वयं अथवा अपने एजेण्ट/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पता/आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। परिवाद पत्र की प्रति संलग्न है/नही है।

**रीडर**
**आज्ञा से**
**अध्यक्ष**
**उपभोक्ता संरक्षण जिला फोरम**
**गाजीपुर**

**प्रतिवादी/प्रतिवादीगणः-**

1. आई सी आई सी आई लुमवार्ड जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी लिमिटेड तृतीय तल ए0जी0 26, शलीमार बाग, नई दिल्ली 110088
2. रिन्यू वार्ड प्रथम तल फ्लोर प्लाट नं0 94 सेक्टर 32 गुरूग्राम हरियाणा-122001
3. एम.जी. गणपति हरहुआ जनपद वाराणसी
4. एच डी एफ सी फाइनेंस कम्पनी शाखा महुआबाग गाजीपुर।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत मायके वालों ने जताई हत्या की आशंका

## बहू की लाश छोड़कर भागा पूर्व ब्लॉक प्रमुख का परिवार, 1 महीने पहले हुई थी शादी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अपना दल के पूर्व ब्लाक प्रमुख की बहू की गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति फतेहपुर में अपना दल का जिला उपाध्यक्ष है। दोनों की एक महीने पहले शादी हुई थी। मायके वाले पहुंचे तो विवाहिता की लाश एम्बुलेंस में लावारिस हालत में मिली। आरोप है कि ससुरालवाले लाश छोड़ कर भाग गए। एम्बुलेंस ड्राइवर ने बताया- लड़की के ससुराल वाले बॉडी भिजवा दिए हैं।

मृतका के पिता ने कहा, सुबह से ससुराल वाले गुमराह कर रहे थे। सही जानकारी नहीं दे रहे थे। 4 घंटे बाद फोन करके बोले- लाश स्वरूपरानी चौकी के सामने है। पुलिस ने मौत के कारणों को जानने के लिए शव का पोस्टमॉर्टम कराया है ।

**2 नवंबर को हुई थी शादी**

कौशाम्बी के संडवा विदाव गांव के रहने वाले धर्मेंद्र सिंह किसान हैं। उन्होंने



बेटी रश्मि सिंह (23) की शादी पिछले माह 2 नवंबर को आदित्य प्रताप सिंह के साथ धूमधाम से की थी। आदित्य प्रयागराज में साई धाम अपार्टमेंट, राजरूपपुर में रहते हैं। मूलतः फतेहपुर में खागा के रहने वाले हैं। महेंद्र प्रताप सिंह बसपा के शासनकाल के दौरान विजयीपुर ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुए थे। साल 2012 में सपा की सरकार



बनने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। महेंद्र प्रताप सिंह का फतेहपुर में लक्ष्मी ब्रिक फील्ड्स ईंट-भट्ठा और मां शीतला पेट्रोल टंकी है।

**रश्मि ने फांसी लगा ली है, फोन पर दी सूचना**

गुरुवार सुबह रश्मि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुरालवालों ने पिता धर्मेंद्र को फोन पर सूचना दी कि रश्मि ने फांसी लगा ली है। उसे रफ्ल हॉस्पिटल ले जा रहे हैं। थोड़ी देर बाद रश्मि के घर वाले अस्पताल पहुंचे।

**घर वालों ने जताई हत्या आशंका**

रश्मि की मौत पर घर वालों ने हत्या आशंका जताते हुए कहा- ससुराल वालों ने गुमराह किया। मौत के बाद ससुराल वालों ने हम लोगों को सही जानकारी नहीं दी। सुबह से दोपहर तक इधर उधर भटकाते रहे।

# प्रॉपर्टी के विवाद में वकील को मारी गोली जांच में जुटी पुलिस



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुरुवार रात एक वकील पर फायरिंग की गई। शहर के शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज इलाके में अधिवक्ता विजय पांडेय को गोली मारी गई। जांघ में गोली लगने से विजय खून से लथपथ होकर गिरे तो हमलावर भाग गए। वकील को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वकील पर हमला प्रपार्टी के विवाद को लेकर हुआ हैं। वकील पर फायरिंग करने वाला आरोपी उनका रिश्तेदार है। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस तेलियरगंज इलाके सीसीटीवी को खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल वकील से घटना की जानकारी ली।

# सीएमपी डिग्री कॉलेज में प्रो. डॉ. शिव शंकर सिंह को विधि विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यभार विस्तार



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संबद्ध सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के विधि विभाग में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय के तहत प्रो. डॉ. शिव शंकर सिंह को विधि विभागाध्यक्ष के पद का कार्यभार विस्तार किया गया है। उनका पूर्व का दो कार्यकाल सत्र 2019-21, 2023-25 अत्यंत सफल रहा, जिसमें उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता, विभागीय सुदृढ़ीकरण, शोधझसंवर्धन तथा विद्यार्थीझकेंद्रित गतिविधियों को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया।प्रो. डॉ.शिव शंकर सिंह विधि शिक्षा, शोध एवं अकादमिक नेतृत्व के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उनकी हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर उनके 40 से अधिक शोधझपत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। हाल ही में भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उन्हें ह्वराजभाषा गौरव पुरस्कार 2024ह्व से सम्मानित किया गया, जिसने उनके शैक्षणिक एवं भाषाई योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाई है। इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने बताया कि इस कार्यकाल में हम लोग राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार, नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता, विधिक जागरूकता कार्यक्रम, कैंपस सलेक्शन आदि कराने की योजना बनाए हैं। एक गांव को गोद लिया जायेगा तथा विधि विभाग से एक जर्नल प्रकाशित करवाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर विधि विभाग के शिक्षक प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. रमेश कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार, डॉ पद्मा अपराजिता परिजा, डॉ. नंदिनी रायजादा, डॉ. सोनल खरे, श्रीमती अंजलिका, डॉ. तुषार श्रीवास्तव, डॉ रमेश कुमार भारती, डॉ. गौरव पटेल, डॉ. राकेश कुमार गौतम, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. आर.डी. किशोर, डॉ. पूर्णेंदु मिश्रा, डॉ. रितु रघुवंशी, डॉ. सत्यवान नायक ने प्रोफेसर सिंह को पुनः प्राप्त कार्यकाल की बधाई एवं ऐतिहासिक कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दिया।बी.ए.एलएल.बी (ऑनर्स) अंतिम वर्ष के छात्र आयुष विश्वकर्मा, उज्ज्वल सिंह, पार्थ मिश्रा, चंद्रशेखर यादव, अभिषेक विश्वकर्मा एवं अभिनव पाण्डेय सहित विधि विभाग के अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने प्रो. (डॉ.) सिंह का बुके भेंट कर हार्दिक स्वागत किया एवं शुभकामनाएँ व्यक्त किया।

# 06 दिसंबर को मनाया जाएगा नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस

**प्रयागराज।** नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस दिनांक 06.12.2025 को हर्षोल्लास के साथ कार्यालय नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र, कटरा, प्रयागराज पर मनाया जा रहा है, उक्त अवसर पर जिलाधिकारी / नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, महोदय की उपस्थिति में प्रातः 10.30 बजे ध्वजातोलन, शपथ ग्रहण, संदेशवाचन, संबोधन आदि कार्यक्रम तथा उपरोक्त कार्यक्रम स्थल से ध्वजोतोलन कार्यक्रम के उपरान्त निकलने वाले रूटमार्च / जनजागरूकता रैली का रूट कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुये लक्ष्मी टाकीज चौराहे से कटरा बाजार में प्रवेश करते हुये नेतराम चौराहे से पुनः रैली के आरम्भस्थल पर वापस आयेगी।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में बोले- बिहार से लौटने के बाद अखिलेश थोड़ा अस्वस्थ, कर रहे अनर्गल बयानबाजी

**प्रयागराज।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोट देने का अधिकार नहीं मिलने पर आरक्षण खत्म होने का अंदेशा व्यक्त किया है। इस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि बिहार से लौटने के बाद अखिलेश यादव थोड़ा अस्वथ हो गए हैं। इसकी वजह से अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। आरक्षण और संविधान कोई खत्म नहीं कर पाएगा, लेकिन सुधार को लेकर जो प्रभावी कदम उठाना होगा उसे किया जाएगा।

सर्किट हाउस में गुरुवार को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश वर्ष 2027 में खुद के सत्ता में पहुंचने का स्वप्न देख रहे थे, लेकिन अब वर्ष 2047 तक उनकी संभावना खत्म हो गई है। इसकी वजह से उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं।

केशव मौर्य ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बीएलओ के लगातार आत्महत्या करने के मामले को देखते हुए एसआइआर की प्रक्रिया बंद करने की मांग को अनुचित बताया। कहा कि बीएलओ अखिलेश यादव, ममता बनर्जी व राहुल गांधी के चक्कर में न पड़े। अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करें। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं होता।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान चल रहा है। एसआइआर को लेकर विपक्ष के नेता भ्रम फैला रहे हैं। फर्जी लोगों और घुसपैठियों का नाम वोटर लिस्ट से कटना चाहिए। ऐसा पहले भी होता रहा है, लेकिन भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। भविष्य में भी जहां चुनाव होगा वहां भाजपा को जीत मिलेगी। इसकी वजह से विपक्षी मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जनता में उसका कोई प्रभाव नहीं है। काशी तमिल संगमम को लेकर कहा कि यह एक भारत श्रेष्ठ भारत का पर्याय है। इससे सबको भारत की महान संस्कृति से जुड़ने का मौका मिल रहा है।

# माघ मेला की तैयारियों के दृष्टिगत जिला प्रशासन एवं रेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान मेला अवधि में श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन हेतु समग्र व्यवस्था और विस्तृत कार्ययोजना पर किया गया विचार-विमर्श

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला-2026 की व्यापक तैयारियों को देखते हुए गुरूवार को जिला प्रशासन एवं रेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, प्रयागराज रामबाग तथा झूंसी स्टेशनों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान मेला अवधि में श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन हेतु समग्र व्यवस्था और विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्लेटफॉर्म और सकुर्लेटिंग एरिया में मार्गदर्शन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख स्थानों पर ह्वदिशा-निर्देश साइनेजह्व को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।इसके साथ ही माघ मेले के दौरान लखनऊ, अयोध्या एवं वाराणसी दिशाओं में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को प्रयाग एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों की ओर उचित रूप से मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार, सूचना प्रसारण तथा उपयुक्त स्थानों पर साइनेज स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।अधिकारियों ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों पर यात्री आश्रयों, कंट्रोल टावर, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली का आकलन किया तथा उन्हें और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



रेल प्रशासन एवं सिविल प्रशासन बेहतर समन्वय से माघ मेला अवधि में यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद, डीसीपी यातायात नीरज पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं रेलवे के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नाजरेथ अस्पताल, प्रयागराज : 50 वर्षों की यात्रा की एक झलक, करुणा में जड़ित यात्रा (1974-1980 के दशक)

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नाजरेथ अस्पताल की स्थापना इलाहाबाद के रोमन कैथोलिक डायोसिस द्वारा उस क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई, जहाँ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपचार या तो महँगा था या उपलब्ध नहीं था। 21 नवंबर 1974 को परम आदरणीय बिशप अल्फ्रेड फर्नांडिस द्वारा आधारशिला रखी गई, और 8 दिसंबर 1975 को अस्पताल का उद्घाटन हुआ। 50 बिस्तरों वाली एक साधारण सुविधा के रूप में शुरू हुआ यह संस्थान जल्द ही आकार और प्रभाव में बढ़ा और सामान्य चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग, एक्स-रे तथा पैथोलॉजी जैसी सेवाएँ प्रदान करने लगा। 1979 तक पहली मंजिल के विस्तार से बेड क्षमता दोगुनी हो गई और बाल रोग विभाग तथा विस्तारित ऑपरेशन थिएटर जोड़े गए।

**दूरदृष्टि और सहयोग के माध्यम से विकास (1980-1990 के दशक)**

लगातार नेतृत्व के मार्गदर्शन में अस्पताल का निरंतर विस्तार होता गया। 1980 के दशक में रेडियोलॉजी और नेत्र विज्ञान विभागों की स्थापना, हर्स वैन सेवा, तथा बेल्जियम के ओवरसीज मिशन सर्विस के साथ महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शुरू हुआ। इस साझेदारी से अवसंरचना का विस्तार संभव हुआ, जिसमें 1989 में दूसरी मंजिल का निर्माण और अल्ट्रासाउंड व उन्नत डायग्नोस्टिक उपकरणों की स्थापना शामिल थी। 1990 में नाजरेथ हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग की स्थापना हुई, जिसने भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों की नींव रखी। 1990 के दशक में आर्थोपेडिक्स, आईसीसीयू और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी जैसे नए विभाग जोड़े गए और 1999 में प्रतिष्ठित म्छक्व्ँ.नतहमवद सम्मेलन की मेजबानी की गई।

**आधुनिकीकरण और संस्थागत उत्कृष्टता (2000-2010)**

2000 के शुरूआती वर्षों में लैप्रोस्कोपिक स्त्रीरोग शल्य




चिकित्सा, डायलिसिस और एमआईसीयू जैसी उन्नत सेवाएँ शुरू हुईं। तीसरी मंजिल का उद्घाटन हुआ, जिससे बेड क्षमता बढ़कर 200 हो गई। प्रतिबद्ध निदेशकों और मैट्रनों के नेतृत्व में कार्य आगे बढ़ा। सीटी स्कैन यूनिट और एनआईसीयू की स्थापना ने अस्पताल की क्षमताओं को और सशक्त किया। एन्डोकोन 2008 की मेजबानी और पैथोलॉजी लैब, आईसीसीयू एवं शल्य चिकित्सा अवसंरचना में लगातार सुधार उल्लेखनीय उपलब्धियाँ रहीं।

**संकट में दृढ़ता और तकनीकी प्रगति (2010-2020)**

कोविड-19 महामारी के दौरान नाजरथ अस्पताल की सेवा प्रतिबद्धता सबसे अधिक दिखाई दी। सुरक्षित मरीज परिवहन के लिए रैंप निर्माण, कोविड प्रशिक्षण, जांच, और उपचारकृहर क्षेत्र में अस्पताल ने प्रयागराज में मजबूती का स्तंभ बनकर कार्य किया। मई 2020 से इसे आधिकारिक रूप से कोविड - 19 सुविधा घोषित किया गया और बाद में सरकारी स्वास्थ्य अधिकारियों के सहयोग से बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान को समर्थन दिया। दिसंबर 2020 में अस्पताल की माइक्रोबायोलॉजी लैब को एनएबीएल प्रमाणन प्राप्त हुआ, जो इसकी उत्कृष्ट निदान सुविधाओं का प्रमाण है।

**स्वर्णिम वर्ष: भविष्य की ओर (2021-2025)**

हाल के वर्षों में अस्पताल में महत्वपूर्ण संरचनात्मक और सेवा संबंधी उन्नयन हुए। नवनिर्मित नर्सिंग स्कूल ऑडिटोरियम, नव स्थापित फामेर्सी ब्लॉक, और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार ने इसकी पहुँच को व्यापक बनाया। अप्रैल 2023 में सतत स्वास्थ्य लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सीवेज एवं एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन हुआ। जून 2023 में अस्पताल के निदेशक, रेव. मोनसिग्नोर लुईस मास्कारेन्हास को परमपावन पोप फ्रांसिस द्वारा इलाहाबाद का बिशप नियुक्त किया गया।

**वर्तमान स्थिति और सेवाएँ**

आज नाजरेथ अस्पताल एनएबीएच व एनएबीएल मान्यता प्राप्त बहुविशेषता अस्पताल है, जो प्रयागराज और आसपास के जिलों की सेवा कर रहा है। आधुनिक अवसंरचना, डिजिटल रिकॉर्ड्स और नवीनतम निदान उपकरणों के साथ यह समन्वित स्वास्थ्य सेवा मॉडल प्रदान करता है। प्रमुख विभागों में शामिल हैं:

- सामान्य चिकित्सा एवं क्रिटिकल केयर
- कार्डियोलॉजी एवं आईसीसीयू
- आर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट
- नेफ्रोलॉजी एवं डायलिसिस
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
- लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- बाल रोग एवं नवजात चिकित्सा (एनआईसीयू)
- ईएनटी, नेत्र रोग, त्वचा रोग, मनोरोग, दंत शल्य चिकित्सा
- रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग (अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्स-रे)
- NABL प्रमाणित पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी लैब

**समाज में योगदान**

नाजरेथ अस्पताल ने अपनी करुणामय सेवा अस्पताल की दीवारों से बाहर भी निरंतर बढ़ाई है:

ग्रामीण चिकित्सा शिविर: मधुमेह, उच्च रक्तचाप, नेत्र रोग आदि की शीघ्र पहचान और उपचार हेतु नियमित शिविर।

सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान: मातृ स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, कैंसर रोकथाम, और पोषण पर जागरूकता।

**'रैली फॉर साइट' 2025:** स्टाफ और एनजीओ सहयोगियों के साथ अनोखी जागरूकता रैली, जिसमें सभी ने आंखों पर पट्टी बांधकर प्रयागराज में मार्च किया। नेत्रदान और रोके जा सकने वाले अंधत्व के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान निशुल्क जांच और चश्मों का वितरण किया गया।

**महाकुंभ मेला 2025:** मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, आपातकालीन कैंप, स्वास्थ्य कियोस्क, और लाखों तीर्थयात्रियों को मुफ्त भोजन वितरण। सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय कर स्वच्छ और तत्पर स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित की गईं।

**स्वास्थ्य सेवा से आगे: समावेशी शिक्षा**

नाजरथ हॉस्पिटल सोसाइटी दिव्यज्योति स्कूल फॉर विजुअली इम्पेयर्ड गर्ल्स भी चलाती है, जो दृष्टिबाधित बालिकाओं को समावेशी शिक्षा और समग्र विकास प्रदान करता है।

**निष्कर्ष**

जैसे ही नाजरथ अस्पताल करुणामय और समावेशी सेवा के 50 वर्ष पूर्ण करता है, वह केवल एक चिकित्सीय संस्था नहीं, बल्कि विश्वास, सेवा और सामुदायिक देखभाल का जीवंत प्रतीक बनकर खड़ा है। एक साधारण सुविधा से एनएबीएच, एनएबीएल मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्र तक की इसकी यात्रा दूरदर्शी नेतृत्व और प्रयागराज तथा आसपास के लोगों के प्रति अटूट समर्पण का प्रतिफल है।

हम विनम्रतापूर्वक आपके सम्मानित आशीर्वाद और प्रेरक संदेश का अनुरोध करते हैं, ताकि स्वर्ण जयंती स्मारिका को सुशोभित किया जा सके और इस महान मिशन को आगे बढ़ाने में हमें प्रोत्साहन मिल सके।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 343 जोड़े

## 333 हिन्दु जोड़े व 10 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे





अखंड भारत संदेश

### नव दांपत्य जोड़ों को विधायक, डीएम, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य अतिथियों ने दिया आशीर्वाद

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय इण्टर कालेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 343 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजत कार्यक्रम में 333 हिन्दू जोड़े एवं 10 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह सहित अन्य अतिथियों ने नव दांपत्य जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों का आज उन्हीं के रीति रिवाज के साथ विवाह को सम्पन्न कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि विवाह केवल एक जन्म का बंधन नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतर का पवित्र संबंध है, जिसे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ यहाँ संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय इण्टर कालेज परिसर में 343 जोड़ों का विवाह सकुशल सम्पन्न हुआ है, प्रत्येक जोड़ों पर प्रदेश सरकार द्वारा 1 लाख की खर्च किये जा रहे है जिसमें 60 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में भेजे जाते है एवं शेष धनराशि से विवाह सामग्री और आयोजन में खर्च किये जाते है। उन्होने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश था कि जो भी नये वर-वधु को उपहार सामग्री दी जाये वह उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिये। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गो के पात्र लोगों को योजनाओं का मिल रहा है। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ग के जो भी लोग उपस्थित है यह एक एकता का उदाहरण दिखाई दे रहा है। उन्होंने सभी नवदंपतियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाएँ और हर परिस्थिति में एक-दूसरे के प्रति सहयोगी बनें।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी जोड़ों को बधाई दी और कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक दूसरे के साथ मिलकर खुशी से अपना जीवन यापन करें। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य सहित गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का संचालन सुनील प्रभाकर ने किया।

## न्यूज झरोखा

### सड़क हादसे में भाई बहन घायल



**पट्टी।** एमए की परीक्षा देने निकली एक छात्रा अपने भाई और साथी के साथ सड़क हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उदईशाहपुर गांव निवासी 21 वर्षीय रेशमा पुत्री बिहारी लाल गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे एमए की परीक्षा देने के लिए अपने भाई नीरज और गांव के ही राज पुत्र संत प्रसाद के साथ मोटरसाइकिल से पट्टी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जा रही थी। जैसे ही तीनों पट्टी थाना क्षेत्र के पचोरी मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए रेशमा, नीरज और राज को मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। हादसे के कारण रेशमा अपनी एमए की परीक्षा नहीं दे सकी। सूचना मिलते ही पट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है।

### टीकाकरण उत्सव का फीता काट कर किया उद्घाटन



**प्रतापगढ़।** टीकाकरण उत्सव दिवस का शुभारंभ किया गया। जिसमें छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने हेतु लक्ष्य बनाया गया है। चिलबिला नगरीय परिवार कल्याण केंद्र में जिसका उद्घाटन मुख्यअतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा फीता काटकर किया गया। दवाओं का वितरण करते हुए मुख्यअतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि 1 साल से लेकर 16 साल के बच्चों तक का जो टीकाकरण आज किया गया है सभी के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होगा। सभी जनमानस से अपील है सभी अपने बच्चों का टीकाकरण जरूर कराएं। स्टाफ वत्सला सिंह एएनएम महावीर सिंह मनीषा आशा संगीता आशा गायत्री आदि मौजुद रही। आज 48 बच्चों का टीकाकरण किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं की जांच और टीकाकरण किया गया।

## मारपीट धमकी पर दर्ज हुआ केस

**प्रतापगढ़।** मवेशी के विवाद में युवती को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी कन्या देवी पत्नी संतराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो दिसंबर को दोपहर करीब दो बजे उसकी पुत्री संध्या गांव के आशीष चौबे के घर अपनी गाय मांगने गयी थी। आरोप है कि वहां आरोपी आशीष चौबे व उसकी पत्नी मंचन देवी ने उसे मारापीटा व गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का केस दर्ज प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट गालीगलौज व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के सूबेदार का पुरवा गोड़वा गांव निवासी राज बहादुर सरोज पुत्र मुन्ना सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन दिसंबर को सुबह नौ बजे गांव के मुकुन्दे पुत्र सददीक, मो0 हसीब व मो0 पाले पुत्रगण मुकुन्दे वहां पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित राज बहादुर व उसके बहनोई अमेठी जनपद के गड़ेरी चौराहा सण्डवा ककवा निवासी श्याम लाल को मारापीटा व धमकी दी। एसओ राजेन्द्र कुमार तिवारी का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नशेड़ियों का अड्डा बना बस स्टैंड, यात्रियों में आक्रोश

**पट्टी।** कस्बे में स्थित रोडवेज बस अड्डा इन दिनों शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां बस अड्डा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा के लिए होता है, वहीं अब नशे में धुत लोगों की भीड़ ने माहौल को असुरक्षित बना दिया है। यात्रियों का कहना है कि बस अड्डे पर दिन हो या रात, कई युवक यहां शराब और नशे का सेवन करते दिखाई देते हैं। उनके ऊधम, गाली-गलौज और बदसलूकी से महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों का वहां रुकना तक मुश्किल हो गया है। हालात यह हैं कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मौन दिखाई दे रहा है। न तो नियमित गश्त की व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार की रोकथाम। प्रशासनिक उदासीनता के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले और बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने मांग की है कि रोडवेज परिसर में पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए, सख्त कार्रवाई की जाए और सरकारी बस अड्डे का माहौल सुरक्षित बनाया जाए, ताकि लोग बिना डर-भय के आवाजाही कर सकें।

## कस्बे में लगे भीषण जाम से पुलिस के छूटे पसीने

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** कस्बे में इन दिनों जाम की समस्या बेकाबू होती जा रही है। मुख्य बाजार से लेकर चौराहों तक घंटों तक जाम लगने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कामकाज, स्कूल-कोचिंग और अस्पताल जाने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना लगने वाले इस भीषण जाम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अनजान बना हुआ है। ट्रैफिक नियंत्रण की व्यवस्था न होने से चारपहिया और दोपहिया वाहन सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे जाम और बढ़ जाता है। व्यापारियों व राहगीरों ने बताया कि जाम की वजह से 5 मिनट का रास्ता तय करने में आधा घंटा लग जाता है। कई बार एम्बुलेंस तक को रास्ता नहीं मिल पाता, जिससे हालात और गंभीर हो जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन तत्काल सख्त कदम उठाए, मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की जाए और अवैध पार्किंग पर रोक लगाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान के तहत युवाओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के रानी सूर्य किशोरी देवी इंटर कॉलेज उडैयाडीह में तरुण चेतना एवं वात्सल्य के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला सुरक्षा, सम्मान और समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान के अंतर्गत आज युवाओं के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकताओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान प्रभारी हकीम अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में महिला हिंसा के विभिन्न रूप-शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, साइबर हिंसा–के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लैंगिक समानता को जीवन शैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा देना था। उन्होंने युवा प्रतिभागियों को कानूनी प्रावधानों, सहायता हेल्पलाइनों तथा उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्याम शंकर शुक्ला ने कहा कि महिला हिंसा के खिलाफ संघर्ष में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि युवा वर्ग संवेदनशील बनकर आगे आए, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन तेजी से संभव है। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर डिस्प्ले, समूह चर्चा, प्रश्नझउत्तर सत्र तथा युवाओं की प्रतिबद्धता शपथ भी कराई गई। अंत में सामाजिक कार्यकर्ता मेहताब खान ने सभी युवाओं से अपील की कि वे अपने घर, स्कूल, कॉलेज और समुदाय में महिला सुरक्षा एवं सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं और 16 दिवसीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## प्रभु से बढ़कर कोई सुख और सम्पदा नहीं : डॉ. श्याम सुंदर




**प्रतापगढ़।** कुंडा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के मार्गदर्शन में बाबा हौदेस्वर नाथ धाम के शुकुलपुर दिलेर गंज बेंती में कथा के दूसरे दिन गुरुवार को भक्तों ने पाया परम आनंद डॉ. श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु से बढ़कर कोई सुख और सम्पदा नहीं है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य का कल्याण होता है और यह संसारिक विषयों से बढ़कर परम सुख है।डॉ. पाराशर जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई, जिन्होंने सात दिनों तक भागवत कथा सुनकर मृत्यु के भय पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने अपने जीवन को धर्म और सेवा के लिए समर्पित किया था। कथा के दौरान डॉ. पाराशर जी महाराज ने कहा कि संसारिक विषयों में ध्यान लगाना एक भूल है। उन्होंने कहा कि सत्य के ज्ञान से अमरत्व प्राप्त करने की बात कही गई है। कथा स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, और पूरा वातावरण भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना से भक्तिमय हो गया।कथा के आयोजक गुल्लू मिश्रा ने बताया कि कथा का आयोजन राजा भइया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जो क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ा धार्मिक अवसर है। उन्होंने कहा कि कथा के दौरान श्रोताओं को भक्ति और वैराग्य का संदेश दिया जा रहा है। कथा के माध्यम से लोगों को अपने जीवन को सार्थक बनाने और प्रभु की भक्ति में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य यजमान सूर्य काली मिश्रा, शिवशंकर मिश्रा, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख बबलू सिंह शिक्षक एवं प्रख्यात समाजसेवी मनीष पांडेय अंकित मिश्रा, सुशांत मिश्रा सत्यम मिश्रा नई बाजार, प्रधान सज्जन शुक्ला, डॉ लालबहादुर पांडेय, डॉ शिव प्रसाद मिश्रा, त्रिभुवननाथ मिश्रा मिश्रा, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में वृद्ध पर हमला

**पट्टी।** जमीनी विवाद ने एक बार फिर हिंसा का रूप ले लिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के होशियापुर गांव में एक दिव्यांग वृद्ध को पड़ोसियों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित के परिजन राजेश ने बताया कि उनके बड़े पिताजी दोनों आंखों से दिव्यांग हैं। गुरुवार को जमीन से जुड़े विवाद को लेकर पड़ोसियों ने उन्हें निशाना बनाकर गंभीर रूप से पीटा, जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद राजेश घायल दिव्यांग को लेकर तुरंत पट्टी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पूरे घटनाक्रम की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

## एसडीएम ने एसआईआर अभियान में मतदेय स्थलों का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसडीएम ने तहसील क्षेत्र में तैनात तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने गुरूवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने अभियान में शत प्रतिशत की सफलता के लिए मॉडल प्राइमरी स्कूल लालगंज के प्रधानाध्यापक व एसआईआर अभियान में बतौर सुपर वाइजर के साथ कार्य कर रहे तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं अभियान को लेकर एसडीएम ने गुरूवार को लालगंज क्षेत्र के अझारा, शीतलमऊ, खालसा सादात, अमावां मतदेय स्थलों पर संचालित कार्रवाई का जायजा लिया। एसडीएम ने अभियान से जुड़े कार्मिकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता प्रपत्र को हर दशा में पूर्ण कराए जाने के कडे निर्देश दिये।

### खेत में लगा सबमर्सिबल स्टार्टर खोल ले गये चोर

**लालगंज।** खेत में लगा सबमर्सिबल का स्टार्टर व केबल अज्ञात चोर खोल ले गये। सांगीपुर थाना क्षेत्र के तेलियानी कोठा नेवढ़िया गांव निवासी रामप्रकाश सिंह पुत्र हरिहर प्रसाद सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस नवंबर की रात शाहबरी के भाटन का पुरवा स्थित उसके खेत में लगे सबमर्सिबल का स्टार्टर व केबल अज्ञात चोर खोल ले गये। एसओ राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मजदूरी करने पैदल जा रहे दो मजदूरों को ट्रैक्टर ने कुचला दोनों मजदूरों की मौत

अखंड भारत संदेश

मजदूरों को कुचलने के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा



**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मुजाहिद पुर गांव से दो मजदूर गुरुवार की सुबह 4:00 बजे मजदूरी करने के लिए सड़क पर पैदल जा रहे थे जैसे ही मजदूर चंदवारी मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने दोनों मजदूरों को कुचल दिया है जिससे दोनों मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों मजदूरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मुजाहिद पुर के रहने वाले अजय कुमार सरोज उम्र 20 वर्ष पुत्र रमेश सरोज वा लवकुश उम्र 19 वर्ष पुत्र देवनारायण गुरुवा की सुबह 4 बजे घर से हररायपुर मजदूरी करने के लिए पैदल जा रहे थे जैसे ही दोनों मजदूर चंदवारी मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने दोनों मजदूरों को कुचल दिया है जिससे दोनों मजदूरों की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलट गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक दोनों मजदूरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पहुंच गए हैं।

### दवा लेकर अस्पताल से लौट रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एआरटीओ ऑफिस के पास बुधवार की शाम को बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना कोतवाली पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया हालात गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया प्रयागराज जाते वक्त रास्ते में युवक की मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बिजलीपुर गांव के रहने वाले नाजिम उम्र 25 वर्ष पुत्र कासिम बुधवार की शाम 6:00 बजे बाइक से तेजमति अस्पताल दवा लेने गए थे दवा लेकर वह वापस बाइक से अपने घर बिजलीपुर गांव जा रहे थे जैसे ही वह एआरटीओ कार्यालय के पास पहुंचे तेज गति वाहन ने नाजिम की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे वह घायल हो गए हैं उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन गंभीर हालत देखकर चिकित्सकों ने उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया प्रयागराज ले जाते वक्त रास्ते में नाजिम की दर्दनाक मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

### विधान परिषद इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 01 जनवरी 2026 को

**कौशांबी।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं आयुक्त झाँसी मण्डल, झाँसी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों को दिनांक 01 नवम्बर, 2025 की अर्हता के आधार पर नामावली तैयार की गई है। निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन की तिथि 02 दिसम्बर एवं दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि 02 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2025 है। दावे और आपत्तियां का निस्तारण और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की तिथि 30 दिसम्बर एवं निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनाक 01 जनवरी 2026 को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत किये जाने के हकदार प्रत्येक व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि अपना नाम सम्मिलित किये जाने के लिये कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिये कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि की विशिष्टियों के बावत कोई आक्षेप हो, तो यह दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय एवं सम्बन्धित जिला निर्वाचन कार्यालयों /सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र)/पदाभ्हित केन्द्रों में भेज दें या परिदत्त कर दें। आवेदन पत्र फॉर्म-18 सम्बन्धित जिला निर्वाचन कार्यालयों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/पदाभिहित अधिकारियों के कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

## न्यूज झरोखा

### 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में प्रतिभाग कर विद्यालय वापस लौटे स्काउट गाइड और यूनिट लीडर का हुआ सम्मान



**कौशांबी।** भारत स्काउट और गाइड की 19वी राष्ट्रीय जंबूरी में वृंदावन योजना लखनऊ में 23 नवंबर 2025 से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित किया गया था जिसमें 19 वी राष्ट्रीय जंबूरी के कार्यक्रम से प्रतिभा कर विद्यालय वापस लौटे एम वी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज ओसा के 19 स्काउट 11 गाइड दो यूनिट लीडर मनीष कुमार व नम्रता विश्वकर्मा के साथ साथ श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट को प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य केडी सिंह व वाइस प्रिंसिपल प्रतिभा सिंह के द्वारा माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। 19वी राष्ट्रीय जंबूरी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया जिसमें उत्तर प्रदेश के 14000 स्काउट गाइड में से 9 स्काउट सलामी परेड में चयनित किए गए जिसमें दो स्काउट सुमित ओझा, यश मौर्य एम वी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज ओसा से चयनित हुए। 28 नवंबर को कार्यक्रम का समापन भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया जिसमें महामहिम राष्ट्रपति को सलामी परेड में उत्तर प्रदेश से 6 स्काउट 6 गाइड का चयन हुआ जिसमें एम वी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज से दो स्काउट सुमित ओझा व यस मौर्या का चयन हुआ और सलामी परेड में प्रतिभाग किया तथा अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग कर जनपद कौशांबी के साथ-साथ प्रयागराज मंडल को गौरवान्वित किया।

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में दिनांक 04.12.2025 को आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जन सुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

### डीएम ने की पी.एम./सी.एम. इंटर्नशिप योजना की प्रगति की समीक्षा



**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गुरुवार को कार्यालय कक्ष में पी.एम./सी.एम. इंटर्नशिप योजना की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने इंटर्नशिप लक्ष्य 300 के सापेक्ष अब तक 119 की ही प्रगति पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए नोडल प्रधानाचार्य आई.टी.आई. सिराथू यजुर्वेदनाथ से कहा कि कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों से समन्वय कर पात्र युवाओं को अप्रेंटिस कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपायुक्त उद्योग से समन्वय कर निजी क्षेत्र में भी पात्र युवाओं को अप्रेंटिस कराया जाए, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।बैठक में नोडल प्रधानाचार्य आई.टी.आई. सिराथू ने कहा कि 08 दिसंबर,2025 को आईटीआई, सिराथू में अप्रेंटिस मेला का आयोजन किया जा रहा है बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजू कुशवाहा ने महिला को मिक्सर मशीन उधार में दिलवा कर मोल ले ली मुसीबत

### ब्लैकमेलिंग की नीयत से रेप की कहानी बनाकर मुकदमा लिखने के लिए तहरीर लेकर पुलिस की चौखट पर दौड़ रही है महिला

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चरवा के रहने वाले राजू कुशवाहा ने नगर पंचायत में रहने वाली एक महिला कर्मी के फरियाद पर उसे व्यापारी से मिक्सर मशीन उधार दिलवा दी जब व्यापारी को मिक्सर मशीन की रकम वापस नहीं मिली तो व्यापारी ने राजू कुशवाहा से मिक्सर मशीन के बकाया रकम दिलाए जाने का दबाव बनाया इस पर राजू कुशवाहा ने महिला से मिक्सर मशीन के बकाया रकम देने की लिए कहा मिक्सर मशीन की बकाया रकम न देना पड़े इसीलिए महिला ने अनूप कुमार नामक एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को सामने खड़ा कर दिया जिसने फोन पर राजू कुशवाहा को गाली गलौज दिया धमकी दिया जिसका ऑडियो भी वायरल हो रहा है हालांकि ऑडियो में राजू कुशवाहा ने भी उसे गाली गलौज दिया है लेकिन सवाल उठता है कि अपना बकाया रकम मांगना कहां का उत्पीड़न हुआ है और मिक्सर मशीन लेते समय किए गए बकाए रकम को यदि महिला ने समय पर दे दिया होता तो विवाद की स्थिति उत्पन्न ना होती लेकिन मिक्सर मशीन की बकाया रकम जानबूझकर ना देकर के अनुसूचित जाति की धारा में फसाने की साजिश महिला और उसके मददगार अनूप कुमार ने बनाई और इस योजना के तहत पहले राजू कुशवाहा पर गाली गलौज अनुसूचित जाति का उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया और अब महिला नया ड्रामा करने लगी है वह राजू कुशवाहा पर बलात्कार का मुकदमा लिखाने के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस की चौखट में घूम रही है अब सवाल उठता है कि क्या किसी पीड़ित की मदद करना उसे उधार में सामान दिलाना गुनाह हो गया है राजू कुशवाहा ने तो महिला की मदद करके उसको उधार में मशीन दिलवा दी थी और सामान लेने के बाद महिला की नियत खराब हो गई और उसने उधार ली गई मशीन की रकम वापस न करने के बजाय नई योजना बनाई इसी योजना के तहत अनूप कुमार ने बातचीत के दौरान गाली गलौज देकर उसे गाली गलौज देने के लिए मजबूर कर दिया और उसके बाद अनूप कुमार ने गाली गलौज एससी एसटी का चरवा थाने में मुकदमा दर्ज कर दिया इतने पर बात समाप्त नहीं हुई इसके बाद रेप की कहानी बनाकर मुकदमा लिखने के लिए तहरीर लेकर महिला पुलिस की चौखट पर दौड़ रही है जिससे राजू कुशवाहा को ब्लैकमेल करके उससे लाखों की वसूली की जाए ब्लैकमेल करने की नीयत से मुकदमा लिखने वालों के मंसूबे को संज्ञान लेकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष तरीके से जांच करते हुए निर्दोष को बेदाग करते हुए दोषियों को दंडित किए जाने की जरूरत है वरना इसी तरह झूठा रेप का मुकदमा लिखाने और झूठा एससीएसटी मुकदमा के आड़ में धन वसूली का धंधा तेजी से पनपता रहेगा।

### शिया-सुन्नी वक्फ बोर्ड में पंजीकृत समस्त वक्फ सम्पत्तियों को 05 दिसम्बर तक उम्मीद पोर्टल पर करायें अपलोड

**कौशांबी।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया है कि शिया सुन्नी वक्फ बोर्ड लखनऊ में पंजीकृत समस्त वक्फ सम्पत्तियों को 05.12.2025 तक एकीकृत वक्फ प्रबन्धक, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995 के अन्तर्गत उम्मीद पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है। जनपद कौशाम्बी के समस्त वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्लियों वक्फ प्रबन्धन को सूचित किया जाता है कि अनिवार्य रूप से अपने वक्फ का पंजीकरण उम्मीद वटएएऊ पोर्टल की वेबसाइट पर 05.12.2025 तक पंजीकृत फीड़ कराये। उ0प्र0 शिया सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ की उम्मीद पोर्टल हेल्प के लिए ई-मेल पर मुतवल्ली मेकर अपने आधार कार्ड की कॉपी लगाकर फीडिंग के लिये आवश्यक अभिलेख यथा वक्फ नामा/वक्फ डीड, तौलियत का आदेश बोर्ड का कोई अन्तरिम आदेश, मुकदमा तसम्बन्धी जानकारी, धारा-37 सम्बन्धी सूचना आदि की मांग करेंगे। समस्त प्रपत्र निःशुल्क उम्मीद पोर्टल की मोहर सहित सम्बन्धित बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे। फीडिंग करते समय कठिनाई आती है तो समाधान के लिए एम.एम. शकील अब्बास वैयक्तिक सहायक/मास्टर ट्रेनर 9935190711, राहिब अली अवर वर्ग सहायक/मास्टर ट्रेनर 8756637860, आकाश वर्मा कम्प्यूटर प्रोग्रामर 9580120821,यहियाहु सैन 7459917868, शौजब अब्बास 9506677907, एजाज अहमद अधिशासी अधिकारी 9795742635, एस.एम. अफजल काशिफ कार्यालय अधीक्षक 9450627158, मुजाहिद हुसैन निरीक्षक सह अंकेक्षक 8299363648, अहमद मुबीन किदवई निरीक्षक सह अंकेक्षक 8299449768, अशहर सिददीकी निरीक्षक 8081079944 तथा हेल्प लाईन नम्बर 0522-3132567 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी ने की रोजगार सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमों की समीक्षा

अधिकारियों को विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश

श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं जिला सेवायोजन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उ0प्र0 रोजगार मिशन की ह्लजिला कार्यकारी समितिह्व तथा ह्लरोजगार सृजन सम्बन्धीह्व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिलाधिकारी द्वारा एस.एस.डी.एफ. की समीक्षा के दौरान जिला समन्वय,कौशल विकास मिशन ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य 425 के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति इस माह पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को स्वयं सहायता समूहों के गठन, आर.एफ., सी.आई.एफ. एवं सी.सी.एल. में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त श्रम रोजगार को मानव दिवस सृजन में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने एवं प्रधानाचार्य आई.टी.आई. को रोजगार मेला 700 लक्ष्य एवं अप्रेन्टिशिप 300 लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को एक जनपद-एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रगति लाने के साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में भी प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत लक्ष्य 2180 के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला सेवा योजना अधिकारी से कहा कि रोजगार दिए गए अभ्यर्थियों का फॉलोअप भी किया जाए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित संख्या में रोजगार मेलें का आयोजन न किए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### फ्लाई ओवर से गुजरती बसो ने बढ़ाई मुश्किलें ....

## टेढ़ी मोड़ शाहजदपुर चौराहा से 1 किलोमीटर पैदल चलकर पकड़नी पड़ती है बस



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** फ्लाईओवर बन जाने के बाद रोडवेज बसों की यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है रोडवेज की बसें आबादी के बीच में बने बस स्टॉप पर नहीं पहुंचती हैं फ्लाईओवर के ऊपर से बस निकल जाती है जो सवारी फ्लाईओवर के ऊपर पहुंचकर बस का इंतजार करता है उन्हें रोडवेज बस अपने साथ ले लेता है और वापस में रोडवेज बस फ्लाईओवर के ऊपर ही सवारियों को उतार देता है आबादी के बीच रोडवेज बस ना जाने से सैकड़ो यात्रियों की मुसीबत बढ़ चुकी है सिराथू तहसील के टेढ़ी मोड़ चौराहा पर रोडवेज बसों के ना रुकने से यात्रियों की दिक्कते लगातार बढ़ रही है फ्लाईओवर पर बसों के संचालन के बाद सभी रोड से किसी भी डिपो की बस नहीं गुजरती है जिससे लोगो को चौराहा पर से 1 किलोमीटर दूर जाकर बस पकड़नी पड़ती है टेढ़ी चौराहा शाहजदपुर क्षेत्र नेशनल हाईवे के किनारे बस अड्डा बना है स्थानीय लोगों को कहना है आर के चौधरी के मंत्री रहते बस स्टाफ बनाया गया था पहले यहां से रोडवेज बसें रुक कर सवारियों को बैठाती हुई जाती थी लेकिन फ्लाईओवर निर्माण होने के बाद नेशनल हाईवे के दोनों तरफ रोड पर तार बधा जाने के कारण बसों की पूरी पुरानी व्यवस्थाएं चौपट हो गई सभी बसे फ्लाईओवर के ऊपर से प्रयागराज की ओर निकल जाती है जिससे नीचे बने स्टाफ का कोई उपयोग नहीं हो रहा है बसों के ऊपर से निकल जाने के कारण यात्रियों को चौराहा से लगभग 1 किलोमीटर पैदल चलकर हाईवे तक जाना पड़ता है कई चालक सवारियों का अनदेखा करते हुए बसे को लेकर आगे निकल जाते हैं जिससे बुजुर्ग महिलाएं छात्रों और क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है।

### दिसंबर में मनाया जाएगा टीका उत्सव

**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग दिसंबर माह में 'टीका उत्सव' मनाएगा। इस दौरान 1 से 31 दिसंबर तक नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। यह जानकारी अधिकारी डॉ नीरज कुमार ने दी।छूटे बच्चों का सत्र स्थल पर टीकाकरण किया जाए गा डॉ नीरज कुमार ने बताया कि टीका उत्सव के तहत पेंटा-1, एमआर-1 और एमआर-2 के छूटे हुए बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद में लगभग दस हजार बच्चे ऐसे हैं जो किसी न किसी टीके से वंचित हैं। इस अभियान का उद्देश्य सभी छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण के दायरे में लाना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने आम जनता से टीका उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण कराने का आग्रह किया। सीएमओ ने यह भी बताया कि टीकाकरण कई गंभीर बीमारियों से बचाव की कुंजी है।अभियान के तहत, सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में उन बच्चों की विशेष सूची (ड्यू लिस्ट) तैयार करेंगी जो टीकाकरण से वंचित हैं। सत्र से एक दिन पहले, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभिभावकों को बुलावा पर्ची भेजेंगी और उन्हें सत्र स्थल पर लाकर बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी।

## अभियुक्तों को बचाने उतरे दो जिले की राजनीति करने वाले माननीय पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

दो महिलाओं पर 5 महीने पहले हुआ था प्राण घातक हमला हमलावरों की गिरफ्तारी करने में थाना पुलिस के छूट रहे पसीने

थाना पुलिस की जेब गर्म होने के बाद मजिस्ट्रेट के निर्णय से बड़ा निर्णय करारी थाने की पुलिस सुनाने लगी है

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में दो महिलाओं पर 5 महीने पहले प्राण घातक हमला हुआ था मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन 5 महीने बीत जाने के बाद हमला करने वालों की गिरफ्तारी में थाना पुलिस के पसीने छूट रहे हैं जिससे पीड़ित परिवार के लोगों को हमलावर फिर गाली गलौज परेशान प्रताड़ित करते हैं प्राण घातक हमला करने के बाद पुलिस की कार्रवाई न होने से मनबढ़ हमलावर फिर से हमला करने की बार-बार कोशिश कर रहे हैं पीड़ित भाग रहा है जिससे पीड़ित परिवार भयभीत है पीड़ित परिवार के बंटवारे में मिली जमीन पर उसे मकान नहीं बनाने देते है सरकारी बंटवारे के बाद मिली जमीन को पुलिस कुर्क करने की धमकी दे रही है करारी थाना की पुलिस अब तो अपने को उप जिला अधिकारी से बड़ा समझने लगी है और थाना पुलिस की जेब गर्म होने के बाद मजिस्ट्रेट के निर्णय से बड़ा निर्णय करारी थाने की पुलिस सुनाने लगी है बेलगाम करारी थाना पुलिस पर कौन रोक लगाएगा। हमला करने वालों की गिरफ्तारी की फरियाद लेकर कई बार पीड़ित परिवार थाने जा चुका है थाना पुलिस पीड़ित परिवार की सुनाई करने को तैयार नहीं है बल्कि हर मामले में थाना पुलिस हमला करने वालों को साथ देते दिखाई पड़ती है जिससे थाना पुलिस के रवैया पर सवाल खड़े हुए हैं। करारी थाने की पुलिस किस दबाव में काम कर रही है यह तो जांच का विषय है करारी थाना क्षेत्र के रक्सवारा गांव के मजरा कटरा में 01 जुलाई 2025 की सुबह कांति देवी वा कुसुम देवी को गांव के ही छोटेलाल मौर्य छोटे लाल का बेटा सोनू छोटेलाल की पत्नी मालती देवी ने लाठी डंडा लोहे के रॉड से दोनों महिलाओं पर दौड़ा दौड़ा कर घातक हमला किया था बेरहमी से दोनों को मारा पीटा था जिससे दोनों महिलाओं को गंभीर चोट आई अधिक चोट लग जाने के चलते कांति देवी बेहोश हो गई थी 6 घंटे बाद अस्पताल में उसे होश आया है कई दिन अस्पताल में इलाज चला मेडिकल के कागज करारी थाने के विवेचक उठा ले गए लेकिन हमला करने वालों की गिरफ्तारी को विवेचक भूल गए मामले का मुकदमा करारी थाने में मुकदमा अपराध संख्या 217 सन 2025 दर्ज है लेकिन धीरे-धीरे 5 महीने बीत गए हैं हमला करने वाले तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है बताया जाता है कि हमला करने वाले तीनों लोगों को बचाने के लिए दो जिले की राजनीति करने वाले एक माननीय उतार आए है माननीय का फोन बजने के बाद करारी थाना पुलिस की वीरता धरी की धरी रह जाती है और हमला करने वाले लोगों की गिरफ्तारी थाना पुलिस नहीं कर पाती है सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीड़ित परिवार ने फरियाद करके हमला करने वाले तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## राजस्थानी द्वारा प्रतिदिन बनाई जाती है कई कुंतल केमिकल युक्त पाउडर से खोवा पनीर मिठाई

अखंड भारत संदेश




परिचित की शादी में खोवा देने के लिए फूड इंस्पेक्टर ने रचा पशुपालकों के खोवा को मिलावटी बनाने का ड्रामा

संपूर्ण प्रकरण की यदि शासन प्रशासन ने जांच कराई तो फूड विभाग के कारनामे परत दर परत खुल जाएंगे

**कौशांबी।** मिलावट के धंधे को बंद करने के लिए शासन ने फूड विभाग में अफसर की तैनाती की है लेकिन फूड विभाग के अफसर मिलावट के धंधे को बंद करने के बजाए मिलावट करने वाले से धन वसूली करते देखे जाते हैं जिसका सीधा सा उदाहरण राजस्थान के एक दर्जन लोगों द्वारा बीते पांच साल से केमिकल युक्त पाउडर से मिठाई पनीर खोवा बनाए जाने और करोड़ों रुपए महीने के व्यापार किए जाने के बाद विभाग के अफसर द्वारा मिलावट खोरी करने वालों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है बताया जाता है कि कई कुंतल खोवा पनीर और मिठाई केमिकल युक्त पाउडर से राजस्थानी द्वारा प्रतिदिन बनाई जाती है यदि केमिकल युक्त पाउडर से मिठाई पनीर और खोवा के एक महीने के मिलावटी धंधे की अनुमानित कीमत लगाया जाए तो एक करोड रुपए महीने से अधिक के मिलावटी पनीर मिठाई खोवा राजस्थानियों द्वारा बेची जाती है जिसका जीएसटी बिल भी नहीं काटा जाता है कोई लिखा पढ़ी भी नहीं होती है मिलावट के धंधे में लिप्त इन राजस्थानियों पर लगातार फूड इंस्पेक्टर मेहरबान है मिलावट करने वाले लोगों पर कार्यवाही के नाम पर पशुपालक जैसे निदोषों को प्रताड़ित कर कानून व्यवस्था की धज्जियां फूड इंस्पेक्टर उड़ाते हैं जबकि चरवा चौराहे में बिकने वाले खोवा से प्रत्येक वर्ष हजारों परिवार की शादी विवाह और विभिन्न कार्यक्रम में बनी मिठाइयों को लाखों लोग खाते हैं और कोई बीमार नहीं होता है फिर भी दर्जनों पशुपालकों के खोवा की बिना जांच किए उन्होंने नष्ट करवा दिया लेकिन कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाले फूड इंस्पेक्टर पर कार्रवाई नहीं होती है जिससे उनके हौसले बढ़े हुए हैं। घर में तैयार किए गए 4 किलो 5 किलो खोवा लेकर चरवा चौराहा पहुंचने वाले तीन दर्जन से अधिक पशुपालकों के खोवा को मिलावटी बता कर 4 दिन पहले फूड इंस्पेक्टर ने आधा नष्ट करवा दिया और आधा खोवा अफसर उठा ले गए बताया जाता है कि चरवा चौराहे पर सोमवार को फूड इंस्पेक्टर की छापा मार कार्रवाई के दौरान मौके पर मिले खोवा से आधा खोवा नष्ट कराया है जिसका वीडियो बना लिया गया है जबकि मिलावट के सामानों की जांच करने के बाद मिलावट की पुष्टि होने पर सामान को नष्ट किए जाने का नियम है लेकिन कानून नियम फूड इंस्पेक्टर के लिए लागू नहीं होता है और आधा खोवा गाड़ी में भरकर अफसर ले गए हैं गाड़ी में भर कर ले जाने वाले खोवा का वीडियो अफसर के द्वारा नहीं बनाया गया बताया जाता है कि अफसर के परिचय में शादी थी प्रयागराज शहर में खोवा महंगा होने के चलते परिचित के लोगों को खोवा देने की जिम्मेदारी फूड इंस्पेक्टर ने ले ली थी इसलिए मिलावटी खोवा बेचने की चर्चा करके पशुपालकों के खोवा में छापा मार दिया एक हजार पांच सौ रुपए फूड इंस्पेक्टर को ना देना पड़े इस लिए जब पशुपालक मौके से हट गए तो अफसर ने आधा खोवा नष्ट कर दिया और बड़ी वाहवाही लूटने लगे और आधा खोवा गाड़ी में भरकर अफसर चले गए परिचित को खोवा देकर के उनके घर की शादी विवाह की व्यवस्था करवा दिया बताया जाता है कि परिचित को भी मुफ्त में खोवा नहीं दिया गया बल्कि उसको खोवा बेच दिया और खोवा बेचने के बाद धन की वसूली अफसर द्वारा की गई है जो बड़ी जात का विषय है संपूर्ण प्रकरण की यदि शासन प्रशासन ने जांच कराई तो फूड विभाग के कारनामे परत दर परत खुल जाएंगे।

## डीएम ने की स्वच्छ भारत मिशन समिति की बैठक

### सभी आर.आर.सी. सेन्टर की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन फेज-02 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त के हस्तान्तरण की जानकारी प्राप्त करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष शौचालय निर्माण में और प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी (पं0) सरसवा का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए सभी सहायक विकास अधिकारियों (पं0) को व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से जनपद में स्थापित आर.आर.सी. सेन्टर की क्रियाशीलता की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सहायक विकास अधिकारियों (पं0) से कहा कि आर.आर.सी. सेन्टर की क्रियाशीलता सुनिश्चित कर लिया जाए। आगामी माह में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आर.आर.सी. सेन्टर की क्रियाशीलता की सत्यापन कराई जाएगी, आर.आर.सी. सेन्टर क्रियाशील न पाए जाने पर संबंधित सहायक विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान शेष 03 सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने एवं सभी सामुदायिक शौचालयों को संचालित रखने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक शौचालयों में तैनात केयर टेकर का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर्धन योजना के अन्तर्गत ग्राम बिदांव एवं टेंवा में निर्मित बायोगैस प्लॉन्ट यूनिट की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित ए.डी.ओ.(पं0) को प्लान्ट का संचालन सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## एसआईआर पर नया विवाद

**24 जून** 2025 को चुनाव आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर का आदेश) दिया था, जो शुरूआत से विवादों में बना रहा। इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं विपक्ष ने प्रकट कीं, जिनमें से कई सही भी साबित हुईं। लेकिन चुनाव आयोग ने विपक्ष की चिंताओं का कोई समाधान नहीं किया। वहीं सत्तारुढ़ भाजपा ने भी लगातार एसआईआर को जरूरी बताते हुए चुनाव आयोग का बचाव किया। भाजपा ने तो यहां तक दावा किया कि विपक्ष घुसपैठियों का साथ दे रहा है, इसलिए वो एसआईआर का विरोध कर रहा है। हालांकि चुनाव आयोग ने आज तक यह नहीं बताया है कि उसे कितने घुसपैठिए मतदाता के तौर पर मिले हैं। बहरहाल, एसआईआर पर उठ रहे कई तरह के सवालों के बीच अब एक बड़ा खुलासा अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने किया है। जिसके बाद चुनाव आयोग का फैसला और नीयत दोनों पर तत्काल सफाई पेश किए जाने की जरूरत है। क्योंकि एसआईआर में सबसे बड़ी चिंता यही थी कि नागरिकों से उनके मतदान का हक छीना जा रहा है। यह चिंता इस खुलासे के बाद और गहरा गई है। दरअसल इंडियन एक्सप्रेस ने एसआईआर के आदेश के मसौदे में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधु द्वारा की गई एक अहम टिप्पणी को हटाने का खुलासा किया है। श्री संधु ने आदेश के ड्राफ्ट संस्करण में एक सतर्कता वाली टिप्पणी दर्ज की थी। जो हटा दी गई है। चुनाव आयुक्त संधु ने ड्राफ्ट आदेश की फाइल में लिखा था- 'यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि वास्तविक मतदाता/नागरिक, विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, गरीब और अन्य कमजोर वर्ग के लोग परेशान न महसूस करें और उन्हें सुविधा प्रदान की जाए।'

यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि जब एसआईआर के लिए वैध दस्तावेज की सूची जारी की गई, तो सबसे ज्यादा तकलीफ में गरीब ही आए। बिहार से ऐसी ढेरों खबरें आईं, इसी पर सुप्रीम कोर्ट में सवाल भी पूछा गया कि आधार को दस्तावेज लिस्ट में शामिल क्यों नहीं किया गया। दो बार की मौखिक सलाह के बाद तीसरी बार अदालत को भी आधार शामिल करने के लिए चुनाव आयोग को सख्त लहजे में कहा गया। अब श्री संधु की टिप्पणी के बाद समझ आ रहा है कि चुनाव आयोग में भी नागरिकता बचाने पर चिंता व्यक्त की जा रही थी। ये और बात है कि उस चिंता को जाहिर नहीं होने दिया गया। ऐसा क्यों किया गया, इसके पीछे किसका दबाव था, क्या चुनाव आयुक्तों में मतभेद है, क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने साथी चुनाव आयुक्त द्वारा व्यक्त की गई चिंता की उपेक्षा की, ऐसे कई सवाल इस खुलासे के बाद उठ रहे हैं। गौरतलब है कि अंतिम आदेश में श्री संधु की टिप्पणी को हटा दिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बाद में उस फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए। इंडियन एक्सप्रेस द्वारा देखे गए ड्राफ्ट आदेश के पैराग्राफ 2.5 और 2.6 में एसआईआर को स्पष्ट रूप से नागरिकता अधिनियम से जोड़ा गया था और अधिनियम में हुए बदलाव को इस प्रक्रिया का औचित्य बताया गया था। ड्राफ्ट आदेश में लिखा था कि
'आयोग का संवैधानिक दायित्व है कि भारत के संविधान और नागरिकता अधिनियम, 1955 ('नागरिकता अधिनियम') के अनुसार केवल नागरिकों के ही नाम मतदाता सूची में शामिल हों। नागरिकता अधिनियम में 2004 में महत्वपूर्ण संशोधन हुआ था।

# पुतिन की भारत यात्रा: नयी विश्व राजनीति की आहट

**-ललित गर्ग-**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है।

भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रूवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दशार्ता है।

पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रूवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है।

इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य ह्यमेक इन इंडियाह्न रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निमार्ता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को



दशार्ता है।

भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं।

भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है।

भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दशार्ते हैं।

पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रूवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है। पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया।


इस मुलाकात से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी।

पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरूआत है-जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था के निमार्ता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है, जिसमें पुराने भरोसे से जन्म ले रहा है एक नया भविष्य।

# भारत-रूस संबंधों में नया रणनीतिगत बदलाव

**के रवींद्रन**

**शिखर** सम्मेलन में होने वाली चचाओं में बड़ी आर्थिक संभावनाओं पर भी बात होने की संभावना है, भले ही रक्षा और ऊर्जा सुर्खियों में छाए रहें। दोनों देशों के बीच व्यापार के आंकड़ों में पहले वृद्धि में तेजी दिखी, फिर कुछ समय के लिए ठहराव भी आया, जो लगातार बढ़ोतरी को अनलॉक करने के लिए ढांचागत दखल की जरूरत को दिखाता है।




राजनीतिक इरादे और आर्थिक व्यावहारिक सोच का बढ़ता मेल भारत-रूस रिश्ते को नई रफ्तार दे रहा है, जिससे नई दिल्ली में होने वाला शिखर सम्मेलन एक ऐसी भागीदारी में एक अहम पल बन रहा है जिसने पहले ही दशकों के भूराजनीतिक बदलावों को झेला है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दौरा, जिसे 'स्पेशल और प्रिविलेज्ड पार्टनरशिप' (विशेष और तरजीही भागीदारी) की शब्दावली में बताया गया है, दोनों तरफ से एक ऐसे एजेंडा को आगे बढ़ाने की इच्छा का संकेत देता है जो अब पहले की रुकावटों तक सीमित नहीं है और अब सिर्फ पुरानी मजबूरियों से बना नहीं है।

जबकि पिछले साल ज्यादातर बातचीत में तेल ही हावी रहा,वैश्विक ऊर्जा बाजार में हो रहे बदलाव और वाशिंगटन में चल रही बातचीत ने हाइड्रोकार्बन को लेकर दबाव कम कर दिया है, जिससे नई दिल्ली और मॉस्को अपना ध्यान रक्षा सहयोग और बड़े रणनीतिगत संबंधों पर केन्द्रित कर पा रहे हैं। इस बदलाव को मुमकिन बनाने वाला एक बड़ा बदलाव क्रूड सप्लाई को लेकर उम्मीदों का पुनर्समायोजन है। वैश्विक तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत की ऊर्जा टोकरी की बदलती बनावट ने ऐसा माहौल बना दिया है, जहां रूसी हेवी क्रूड बनाम अमेरिकी लाइट क्रूड को लेकर टकराव अब जरूरी नहीं रहा। भारत की कई अन्य आपूर्तिकताओं से आयात संतुलित करने की क्षमता, और खरीदे जाने वाले तेल के ग्रेड के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा की कमी ने, वाशिंगटन और मॉस्को के साथ उसकी भागीदारी के बीच टकराव की गुंजाइश कम कर दी है। बदले में, इसने भारत के राजनयिक बैंडविड्थ से एक बड़ा बोझ कम कर दिया है, जिससे नीति योजनाकार रूस के साथ सहयोग के पुराने तरीकों पर फिर से विचार कर सकते हैं और किसी दूसरे भागीदार को नाराज करने की चिंता किए बिना नए तरीके खोज सकते हैं।

इस बदलाव से बनी जगह खास तौर पर रक्षा सहयोग में साफ दिखती है, जो लंबे समय से भारत-रूस समीकरण का सबसे अहम हिस्सा रहा है। दोनों सरकारों ने माना है कि रक्षा संबंधों को गहरा करना दिल्ली शिखर सम्मेलन का केन्द्र होगा। उम्मीद है कि चर्चा पारंपरिक खरीदार-बिक्रीकर्ता गत्यात्मकता से आगे बढ़ेगी, जिसने शीतयुद्ध काल के बाद से सैन्य संबंधों को आकार दिया है। भारत, जो अब रक्षा उत्पान में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता के लिए अपनी कोशिशों में ज्यादा जोर दे रहा है, ऐसे मॉडल खोज रहा है जिनमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, संयुक्त विनिर्माण और साइबर क्षमताओं, स्पेस आधारित संपदा और एडवांस्ड प्रोपल्शन सिस्टम जैसे उभरते हुए क्षेत्र में लंबे समय तक सहयोग शामिल हो।

मॉस्को, अपनी तरफ से, भारत को एक भरोसेमंद भागीदार के तौर पर बनाए रखने में फायदा देखता है, ऐसे समय में जब उसके अपने रणनीतिगत माहौल पर काफी दबाव पड़ा है। पश्चिमी पाबंदियों और बदलते क्षेत्रीय गठबंधनों ने रूस को अपने आर्थिक और राजनीतिक जुड़ावों में विविधता लाने के लिए मजबूर किया है। भारत का बड़ा बाजार, इसका बढ़ता रक्षा औद्योगिक आधार और इसका भूराजनीतिक वजन रूस को स्थिरता और मौका दोनों देते हैं। आने वाला शिखर सम्मेलन इन मेलजोल को मजबूत करने का एक रास्ता देता है, मौजूदा संबंधों और उत्पादनों पर काम करते हुए भविष्य के ऐसे रास्ते बताता है जो साझा रणनीतिगत गणना को दिखाते हैं। इन बातों का नई दिल्ली की विदेश नीति के लिए भी बड़े असर हैं। रणनीतिगत स्वायत्तता पर भारत का लंबे समय से जोर, बदलते वैश्विक शक्ति ढांचा द्वारा लगातार जांचा जा रहा है। अमेरिका-चीन तनाव के बदलते हालात, अन्तरराष्ट्रीय प्रणाली में रूस की बदलती स्थिति और पश्चिम एशिया को आकार दे रही अनिश्चितताओं ने भारत की राजनयिक फुर्ती पर नई मांगें खड़ी कर दी हैं। इस माहौल में, रूस के साथ एक मजबूत भागीदारी बनाए रखने से कई मकसद पूरे होते हैंः यह भारत की पैंतरेबाजी की आजादी बनाए रखने में मदद करता है, इसके रक्षा प्रदर्शन में विविधता पक्का करता है और दूसरी बड़ी ताकतों के साथ बातचीत में फायदा देता है।

इनमें से कई गणनाओं के साथ ऊर्जा सुरक्षा जुड़ी हुई है। भारत की विविधिकरण रणनीति का मतलब है कि कोई भी एक देश इसके आपूर्ति स्रोत पर हावी नहीं है, लेकिन रूस एक अहम भूमिका निभाता रहा है। इसका हेवी क्रूड भारत के रिफाइनिंग इकोसिस्टम में सटीक बैठता है, जबकि अमेरिकी लाइट क्रूड लोच और माप की अधिकता देता है। जैसे-जैसे वैश्विक बाजार ओपेक के व्यवहार में बदलाव, गैर-ओपेक आपूर्ति के विस्तार और कमोडिटी के बहाव को प्रभावित करने वाली बड़ी अस्थिरता के हिसाब से एडजस्ट कर रहे हैं,

भारत के आयात प्रोफाइल में रूसी और अमेरिकी क्रूड के बीच टकराव की कमी दोनों भागीदार के साथ समानांतर सम्बंध कायम रखने के लिए जगह देती है। इसने न केवल भूराजनीतिक जोखिमों को कम किया है, बल्कि भारत की ऊर्जा राजनयिकता को आगे बढ़ाने की क्षमता को भी गहरा किया है जो व्यावहारिक और लचीली दोनों है।

# असरदार सामाजिक सुरक्षा की जरूरत पर जोर देता है भारत पर आईएमएफ का दस्तावेज

**अंजन रॉय**

**आईएमएफ** ने भारतीय अर्थव्यवस्था के कामकाज में अच्छाई देखी है, जिसने संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुत ज्यादा ऊंचे टैरिफ स्तर के बुरे असर को असरदार तरीके से झेला है। अमेरिका को भारत के निर्यात पर 50प्रतिशत टैरिफ के बावजूद, भारत खुशी-खुशी 6प्रतिशत से ऊपर की दर से बढ़ता रहा है। यह किसी भी हिसाब से अच्छा कार्य निष्पादन है।



अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की भारत के साथ ताजा देश स्तरीय विचार-विमर्श के बाद किये गये आकलन से भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान हालत की अच्छी तस्वीर सामने आई है। आईएमएफ के कार्यपालक निदेशकों ने भारत सरकार को अपनी सलाह-मशविरा रिपोर्ट सौंपी है, और साथ ही सरकार और उसकी अर्थव्यवस्था के प्रबंधकों के लिए अपनी सिफारिशें भी दी हैं। आईएमएफ की समीक्षा और सिफारिशों से दो बातें सामने आई हैं जिन पर ध्यान से विचार करने की जरूरत है।

पहली, आईएमएफ ने वित्तीय हालत के लिए सरकार की योजना पर ध्यान दिया है, लेकिन खर्च की मॉनिटरिंग और पुनर्समीक्षा की अहमियत पर भी जोर दिया है। दूसरी बात, यह देखते हुए कि भारतीय वित्तीय क्षेत्र मजबूत और आम तौर पर स्थिर है, उसने एक ऐसे क्षेत्र का भी जिक्र किया है जहां कमजोरी है। वह है बड़े और बढ़ते नॉन-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र की गंभीर कमजोरियां।

आईएमएफ रिपोर्ट बताती हैः 'निदेशकों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की वित्तीय प्रणाली मजबूत रही है, जिसे मजबूत पूंजी और नकद स्थिति का सहयोग मिला है।' लेकिन, आईएमएफ के अर्थशास्त्रियों ने भारतीय अधिकारियों से कहा कि, 'वे नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के बीच कमजोरियों को कम करें और उनकी सघनता और बढ़ते वित्तीय क्षेत्र के आपस में जुड़े होने से होने वाले जोखिम पर सावधानी से नजर रखें।' नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के आपस में जुड़े होने की हाल की कुछ घटनाएं इस मुद्दे को सुलझाने की जरूरत को दिखाती हैं। सरकार के खर्च पर सावधानी बरतने की सलाह एक अच्छी सलाह लगती है। खर्च पर नियंत्रण और सार्वजनिक खर्च से मिलने वाली आय और गुणवत्ता की निगरानी, सरकारी वित्त के प्रबंधन का एक जरूरी पहलू है।

सरकार की वित्तीय मजबूती की योजना की तारीफ करते हुए, आईएमएफ के निदेशकों ने सुझाव दिया है कि 'वित्तीय घाटे के लक्ष्य को पाने के लिए खर्च पर मजबूत अनुशासन की जरूरत होगी।' यह एक आम सच है। किसी व्यक्ति की जेब में एक रुपया सरकार के खजाने की तुलना में कहीं ज्यादा उत्पादक होता है और कहीं ज्यादा सावधानी से खर्च किया जाता है।

हमेशा की तरह, उन्होंने लगातार मजबूत आर्थिक विकास दर और 2047 तक देश को विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाने के मकसद को पाने के लिए एक जरूरी नीतिगत पहल के तौर पर और 'ढांचागत सुधार' पर जोर दिया है। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया हैः 'आगे देखते हुए, भारत की एक विकसित अर्थव्यस्था बनने की इच्छा को बड़े ढांचागत सुधार को आगे बढ़ाकर सपोर्ट किया जा सकता है जो ज्यादा संभावित आर्थिक विकास को मुमकिन बनाते हैं।'

आईएमएफ ने सुधार के उपायों के पैकेज को बताने के मामले में ज्यादा कुछ नहीं किया है, सिवाय वित्तीय मजबूती के मकसद को जारी रखने और जीएसटी और आय कर की दरों में कमी के कुल सरकारी राजस्व पर असर पर नजर रखने जैसी आम बातों के।

आजकल आईएमएफ की रिपोर्ट पढ़ना उसके पहले के नीतिगत पुलिंदे के रुख से काफी अलग है। उदाहरण के लिए, आईएमएफ ने सामाजिक सुरक्षा की ज्यादा जरूरत पर जोर दिया है, जो पहले उसके लिए एक अभिशाप हुआ करता था। इसने विदेशी मुद्रा बाजार में 'अव्यवस्थित' हालात और सट्टेबाजी को रोकने के इरादे पर भी जोर दिया है।

एक समय था जब विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थिरता लाने के लिए दखल देने का आईएमएफ के अर्थशास्त्री मजाक उड़ाते थे। आखिर ये फ्री मार्केट के कामकाज में दखल थे, और आखिर, विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार सभी फ्री मार्केट का पवित्र प्याला था।

खैर, इन सोच या तय बातों को छोड़ दें, तो कुल मिलाकर आईएमएफ की समीक्षा भारतीय अर्थव्यवस्था की कुछ खास ताकतों को सामने लाती है, जैसा कि आईएमएफ के कार्यपालक निदेशकों ने अपनी रिपोर्ट में बताया है।सबसे जरूरी और खास बात यह है कि आईएमएफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था के कामकाज में अच्छाई देखी है, जिसने संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुत ज्यादा ऊंचे टैरिफ स्तर के बुरे असर को असरदार तरीके से झेला है। अमेरिका को भारत के निर्यात पर 50प्रतिशत टैरिफ के बावजूद, भारत खुशी-खुशी 6प्रतिशत से ऊपर की दर से बढ़ता रहा है। यह किसी भी हिसाब से अच्छा कार्य निष्पादन है।

भारत के आर्थिक विकास की दर अच्छी बनी हुई है, जबकि कीमतें स्थिर रही हैं और कुछ कमी भी देखी गई है। आईएमएफ की राष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार भारत की विकास दर 2024-25 में 6.5प्रतिशत थी जबकि 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी विकास दर 7.8प्रतिशत बढ़ेगी। खाने की चीजों की कम कीमतों की वजह से महंगाई की सुर्खियों में तेजी से गिरावट आई। आईएमएफ को उम्मीद है कि इस साल के अच्छे मानसून और तेल की गिरती कीमतों की वजह से महंगाई का स्तर स्थिर रहेगा। इसमें कोई शक नहीं कि कीमतों में स्थिरता लगातार खुशहाली का एक जरूरी हिस्सा है, खासकर एक लोकतांत्रिक प्रणाली में।

## अंतर्राष्ट्रीय धावक एवं बीएसएफ के सेवानिवृत्त डिप्टी कमांडेंट मुरलीधर जी के निधन पर डीएम, एसपी ने दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज । जनपद** भदोही के गौरव,अंतर्राष्ट्रीय धावक एवं बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट पद से सेवानिवृत्त मुरलीधर जी का स्वास्थ्यगत कारणों से 04 दिसंबर की भोर में दुखद निधन हो गया। उनके निधन से पूरे जनपद में शोक की लहर व्याप्त हो गई है ।निधन की सूचना पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक स्वयं उनके पैतृक गांव मदनपुर, गोपीगंज पहुंचे। वहां दोनों अधिकारियों ने दिवंगत मुरलीधर जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर गहरी



संवेदना व्यक्त की। उपस्थित अभोली ब्लाक प्रमुख प्रियंका बिंद ने भी श्रद्धांजलि दी ।जिलाधिकारी ने कहा कि ह्लमुरलीधर जी का देहावसान जनपद के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने देश की सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया।ह्व सेवानिवृत्ति के बाद भी मुरलीधर जी खेलों के प्रति अत्यंत समर्पित रहे। वे अपने मिशन के माध्यम से खेलों में नई क्रांति लाने तथा ओलंपिक खेलों में अधिकाधिक पदक दिलाने की दिशा में निरंतर सक्रिय प्रयास कर रहे थे। वे हमेशा युवाओं को खेल, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते थे। सेना व अर्धसैनिक बलों में भर्ती की तैयारी करने वाले युवा उन्हें अपना आदर्श और मार्गदर्शक मानते थे ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ह्लमुरलीधर जी का जीवन संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।ह्व जनपद प्रशासन, खेल जगत, बीएसएफ परिवार तथा क्षेत्रवासियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है ।

## जिलाधिकारी ने राजकीय धान क्रय केन्द्र जंगीगंज एवं जंगीगंज प्रथम का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज । जिलाधिकारी** शैलेष कुमार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जनपद में प्रगतिमान धान खरीद की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने हेतु खाद्य विभाग द्वारा संचालित राजकीय धान कय केन्द् जंगीगंज एवं जंगीगंज प्रथम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी /विपणन अधिकारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय कृषकों के धान की तौल की जा रही थी। कृषकों से पृच्छा करने पर अवगत कराया कि धान विक्रय हेतु लाया गया है एवं



केन्द्र पर कोई समस्या नहीं है ।केन्द्र प्रभारी ने अवगत कराया कि कय केन्द्र जंगीगंज एव कय केन्द्र जंगीगंज प्रथम का खरीद लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद जारी है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि गतवर्ष क्रय केन्द्र पर धान विक्रय करने वाले कृषकों से सम्पर्क कर उन्हें धान विक्रय करने के लिए प्रोत्साहित करें।

# डायट शिवरामपुर में शिक्षकों की योग दक्षता का महामंच, दो दिवसीय प्रतियोगिता संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) शिवरामपुर चित्रकूट में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की वार्षिक दो दिवसीय योग प्रतियोगिता इस वर्ष भी उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। पहले दिन पुरुष शिक्षकों और दूसरे दिन महिला शिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, गरुड़ासन, नटराजासन से लेकर पद्मासन, अर्ध मत्स्येंद्रासन, गौमुखासन और पश्चिमोत्तानासन जैसे बैठे आसनों में अपनी दक्षता दिखाई। लेटे आसनों में धनुरासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, हलासन और चक्रासन के साथ ज्ञान मुद्रा, प्राण मुद्रा और सूर्य नमस्कार की 12 स्थितियों ने प्रतियोगिता को और प्रभावशाली बनाया। मूल्यांकन के लिए पुरुष एवं महिला वर्ग में अलग-अलग निर्णायक कमेटियां गठित की गई थीं, जिनके अनुसार पुरुष वर्ग में प्राथमिक विद्यालय देवढा के सहायक अध्यापक निखिल राममिलन दुबे तथा महिला वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय बांधी, रामनगर की सहायक अध्यापक साधना वर्मा प्रथम स्थान पर रहीं। प्राचार्य बीके शर्मा ने योग को मानसिक संतुलन और कुशल जीवन का आधार बताया, जबकि नोडल अधिकारी राजेश उपाध्याय ने योग को स्वस्थ आदतों और अनुशासन का बीज कहा। निपुण भारत सेल की कंसल्टेंट दिशिता सोई ने इस प्रतियोगिता को विद्यालय स्तर पर भी लागू करने की जरूरत बताई।



दो दिवसीय प्रतियोगिता में विजेता शिक्षक को सम्ममानित करते बीएसए

## कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में नई शैक्षिक टीम तैयार, 200 छात्राओं की पढ़ाई सुधरेगी

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि शासनादेश और राज्य परियोजना कार्यालय के निदेशों के तहत जनपद के दो उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय-पहाड़ी और मऊ- में नवसृजित 22 पदों पर 17 शैक्षिक कार्मिकों का चयन संविदा के आधार पर कर लिया गया है। इन पदों में प्रधानाचार्य, विभिन्न विषयों के पीजीटी तथा लैब असिस्टेंट शामिल हैं। जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा परियोजना समिति की स्वीकृति के बाद यह चयन प्रक्रिया पूर्ण हुई। नए स्टाफ की तैनाती से कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत लगभग 200 छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे न केवल शैक्षिक स्तर सुधरेगा बल्कि विद्यालयों की कार्यप्रणाली भी अधिक सुगम और प्रभावी हो सकेगी।

## दोस्ती के नाम पर बुलाकर हत्या करने वाले आरोपी को सत्र न्यायालय ने सुनाई उम्रकैद व अर्थदंड

- बाइक लौटाने की देरी से बढ़ी कड़वाहट
- शराब पिलाकर पत्थर से कुचल डाला

**चित्रकूट।** जिले में दोस्ती की आड़ में रची गई एक सनसनीखेज हत्या की गुत्थी अदालत ने सुलझा दी है। मामूली रंजिश में दोस्त की पत्थर से कुचलकर हत्या करने के आरोपित बसंतलाल को सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आजीवन कारावास और 10,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी के अनुसार कर्वी क्षेत्र के कण्ठीपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार रैकवार ने छह सितंबर 2022 को मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनके पिता रामखेलावन कर्वी के कसहाई रोड स्थित ढाबे का संचालन करते थे, जहां मानिकपुर के रामपुर कल्याणगढ़ निवासी बसंतलाल का आना-जाना था। दो सितंबर को बसंतलाल उन्हें दो घंटे में लौटाने का कहकर साथ ले गया, लेकिन वह वापस नहीं आए। फोन पर पूछने पर बसंतलाल टालमटोल करता रहा। लगातार तलाश के बाद छह सितंबर को रामखेलावन का शव मानिकपुर क्षेत्र में बरामद हुआ। परिवार के अनुसार घटना से कुछ दिन पहले बसंतलाल ने उनकी बाइक एक घंटे के लिए मांगी थी, जिसे तीन दिन बाद वापस किया। इसी बात पर हुए विवाद को वह मन में दबाए बैठा था। इसी रंजिश में उसने रामखेलावन को योजनाबद्ध तरीके से बाइक से मानिकपुर ले जाकर शराब पिलाई और पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से लावारिस बाइक भी बरामद की और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए आरोपपत्र दाखिल किया। गुरुवार को बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को हत्या का दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुना दी।

## संवेदनशील मामलों में अभियोजक नदारद, हजार से अधिक एससी-एसटी मामलों मामलों का भविष्य अधर में

- न्यायाधीश ने डीएम को लिखा पत्र
- अभियोजक न मिलने पर कोर्ट नाराज

**चित्रकूट।** जिले में संचालित विशेष एससी/एसटी कोर्ट का एक गंभीर प्रशासनिक संकट सामने आया है। विशेष न्यायाधीश राम मणि पाठक ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में साफ तौर पर कहा है कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के मुकदमों के संचालन के लिए विशेष लोक अभियोजक अनिवार्य हैं, परंतु न्यायालय में पदभार संभालने वाला कोई अभियोजक वर्तमान में उपलब्ध ही नहीं है। पूर्व में कार्यरत सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा पारिवारिक कारणों से अनुपस्थित हैं और उनके स्थान पर न तो जिला शासकीय अधिवक्ता और न ही ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी ने किसी नए विशेष लोक अभियोजक को नामित किया है, जबकि दोनों को दूरभाष पर स्थिति से अवगत करा दिया गया था। कोर्ट का कहना है कि संबंधित अधिकारियों ने केवल पत्राचार कर अपनी औपचारिकता पूरी कर दी, मगर नियुक्ति सुनिश्चित नहीं की। नतीजा- इस विशेष न्यायालय में करीब 1,000 से अधिक पत्रावलियाँ लंबित हैं और बिना विशेष लोक अभियोजक के इन संवेदनशील मामलों का निस्तारण संभव ही नहीं है। न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यह रवैया एससी/एसटी समुदाय से जुड़े मामलों के प्रति उदासीनता दशार्ता है, जबकि ऐसे मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए ही विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि शीघ्र कोई विशेष लोक अभियोजक नियुक्त नहीं किया गया, तो पूरा प्रकरण उच्च न्यायालय इलाहाबाद व प्रमुख सचिव को संदर्भित करना पड़ेगा। न्यायालय की यह चेतावनी प्रशासनिक ढाँचे में बड़ी खामियों की ओर इशारा करती है, जिसका सीधा असर न्याय प्रक्रिया पर पड़ रहा है।

## बरगढ़ में दो दिवसीय श्री हरि भजन महोत्सव, राहुल चौधरी की वाणी से गूंजेगा परिसर

**बरगढ़/चित्रकूट।** बरगढ में भक्ति का अद्भुत संगम सजने जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज बरगढ़ में 6 एवं 7 दिसंबर, शनिवार और रविवार को दो दिवसीय श्री हरि भजन रसमय संकीर्तन का आयोजन श्याम नारायण शुक्ला के मार्गदर्शन में हो रहा है। दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम सुविख्यात भजन गायक राहुल चौधरी की अमृतमयी और ओजस्वी वाणी से भक्तिमय वातावरण रचेगा। उनकी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालु भक्ति और भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं और सनातन संस्कृति का दिव्य संदेश जनमानस तक पहुँचता है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित उपस्थित होकर संकीर्तन का आनंद लेने का आग्रह किया है।

## मानिकपुर के मजरों में सड़क बनी उम्मीद की किरण, ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि मिंटू सिंह का जताया आभार

- गढ़चपा में बना पहरतरा-पतेरिया मार्ग पूरा
- नई सड़क ने विकास की राह खोली

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर विकासखंड में वह काम आखिरकार हो ही गया, जिसकी चर्चा दशकों से केवल उम्मीदों में थी। ग्राम पंचायत गढ़चपा के मजरा पहरतरा पुरवा, भुनजवन डेरा और पतेरिया के लोगों के लिए आवागमन अब तक किसी संघर्ष से कम नहीं था। बरसात हो या धूप, पगडंडियों से भरा यह इलाका ग्रामीणों को हर रोज कठिनाई की राह पर धकेलता रहा। लेकिन ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को समझते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह ने वह कदम उठा दिया जिसकी प्रतीक्षा आजादी के बाद से थी। मिंटू सिंह ने पतेरिया से पहरतरा पुरवा और भुनजवन डेरा को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग बनवाकर न केवल राहत पहुँचाई, बल्कि पूरे क्षेत्र को नई दिशा दे दी। सड़क बनने के साथ ही इन मजरों में विकास की एक ताजा हवा दौड़ पड़ी है। कई और संपर्क मार्ग तैयार कर मिंटू सिंह ने गांवों को एक-दूसरे से जोड़ा, जिससे जीवन आसान और उम्मीदें मजबूत हुई हैं। ग्रामीणों ने इसे केवल सड़क नहीं बल्कि विकास की मजबूत नींव बताया। कई स्थानों पर लोगों ने खुशी में जयकारे लगाए और खुलकर आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि जो दशकों में कोई नहीं कर पाया, वह मिंटू सिंह ने कर दिखाया। मिंटू सिंह का कहना है कि यह शुरूआत भर है- अब गांव में सड़कें विकास की गति बनेंगी और ग्रामीणों को सफर नहीं, सुगमता का तोहफा मिलेगा। पूरे क्षेत्र में इसी विश्वास की एक नई चमक दिख रही है।




## कर्वी में शुरू होगा मिलेट्स मेला, मोटे अनाज और रबी फसलों पर होगा खास फोकस

**चित्रकूट।** जिले में कृषि नवाचार और मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला 9 और 10 दिसंबर 2025 को ऑडिटोरियम हाल, पुलिस अधीक्षक आवास के सामने, कर्वी में आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी पुलकित गर्ग करेंगे। मेले में विभिन्न विभाग अपने स्टॉल लगाकर आधुनिक खेती, पोषण, मूल्यवर्धन और प्रसंस्करण जैसी जानकारियों को साझा करेंगे ताकि किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को इसका लाभ मिल सके।

# जिले में रक्त सेवाओं की बड़ी समीक्षा, कमजोर केंद्रों को मिली सख्त चेतावनी


रक्त समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत सभागार कर्वी में गुरुवार को को राज्य रक्त संचरण परिषद उत्तर प्रदेश और संयुक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में छह जिलों- चित्रकूट, महोबा, बांदा, हमीरपुर, फतेहपुर और कौशांबी- के रक्त केंद्रों की द्विवसीय उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदस्य सचिव डॉ गीता अग्रवाल ने की। इसमें स्वैच्छिक रक्तदान बढ़ाने और रक्त अवयव निर्माण की प्रक्रिया तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रक्त केंद्रों की सराहना की गई, वहीं कम प्रगति वाले केंद्रों को स्पष्ट चेतावनी के साथ भविष्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी सहित मंडल के टीबी व रक्त केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## देवल गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा, खेत लौटते युवक की दर्दनाक मौत

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र में देवल गांव के पास बुधवार रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। सरधुवा थाना क्षेत्र के अगरहुडा गांव निवासी गणेश उर्फ रज्जुन (18) अपने खेत की जुताई कर निजी ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। रात लगभग आठ बजे चौरा गांव से वापस आते समय उसका तेज रफ्तार ट्रैक्टर खराब सड़क पर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबते ही गणेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना पर पहाड़ी थाना पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और वास्तविक कारणों की पुष्टि की जाएगी।

# रोडवेज कर्मचारियों ने भरी ललकार- मेरठ अधिवेशन में उठेगी वर्षों से दबाई गई आवाज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुधवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक प्रांतीय कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत भारत माता और परम श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद अखिल भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ में उपाध्यक्ष चुने जाने पर अरुणभान तिवारी तथा मंत्री मनोनीत होने पर भावना यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक का केंद्र बिंदु 27 एवं 28 दिसंबर को मेरठ में होने वाला दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन रहा, जिसके लिए सभी क्षेत्रों से अधिवेशन शुल्क जमा करने और व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में यह संदेश उभरकर सामने आया कि उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की एकता और संघर्ष की वह पुरानी लौ एक बार फिर प्रबल हो उठी है। सभी क्षेत्रों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि मेरठ अधिवेशन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि कर्मचारियों के सम्मान, अधिकारों और संगठन की शक्ति का प्रतीक बनेगा। तय किया गया कि अधिवेशन शुल्क 15 दिसंबर तक प्रांत को जमा कराया जाएगा तथा 27-28 दिसंबर को मेरठ में सभी क्षेत्र पूरे दमखम के साथ उपस्थित रहेंगे। चित्रकूट धाम क्षेत्र बाँदा के क्षेत्रीय मंत्री पवन कुमार गुप्ता ने कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए स्पष्ट कहा कि आज कर्मचारी हित में वास्तविक संघर्ष केवल रोडवेज कर्मचारी संघ ही कर रहा है, जिसके कारण संगठन के प्रति भरोसा लगातार बढ़ रहा है। प्रांतीय बैठक में लगभग सभी क्षेत्रों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद रोडवेज संघ कर्मचारीगण

# राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले चित्रकूट में पंचम चरण की बड़ी तैयारी बैठक सम्पन्न

**किशोर गृह व वृद्धाश्रम व्यवस्थाओं की समीक्षा**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी बनाने के लिए चित्रकूट में पंचम चरण की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद चिन्हित कर त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया है। इसमें शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावों, बैंक वसूली, विद्युत एवं जल वाद, पारिवारिक विवाद, राजस्व, किरायेदारी, सिविल वाद, ई-चालान व प्री-लिटिगेशन मामलों को शामिल किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे विभागीय लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर पक्षकारों को दो बार नोटिस तामील कराते हुए लोक अदालत में प्रस्तुत करें। इसके साथ ही संयुक्त समिति ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह व विनायकपुर वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएँ सुनीं और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए।

## कर्वी, राजापुर व मऊ तहसीलों के बाढ़ पीड़ित कृषकों को ई-कुबेर के माध्यम से राहत राशि का वितरण

**चित्रकूट।** जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों और किसानों के लिए राहत प्रक्रिया तेज हो गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि वर्ष 2025-26 में तहसील कर्वी में दो जनहानि मामलों पर कुल 8 लाख रुपये तथा 40 आंशिक मकान क्षति के लिए 1.60 लाख रुपये, इस प्रकार कुल 9.60 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई है। वहीं तहसील राजापुर के 326 और तहसील मऊ के 870 कृषकों, कुल 1196 किसानों को 43,74,663 रुपये की कृषि निवेश अनुदान राशि ई-कुबेर प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। जिलाधिकारी के अनुसार वर्तमान में मऊ तहसील के 122 और बाढ़ प्रभावित किसानों को 7,08,108 रुपये की कृषि निवेश राशि अंतरण करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# वृंदावन ट्रस्ट की सेवा रथ पहुंची कोल बस्ती, 151 लोगों को मिला सहारा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के सरैंया गांव के विनयनगर घाटा कोलान बस्ती में मंगलवार को जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत की चमक दिखी, जब भगवान भजनाश्रम वृंदावन शाखा चित्रकूट की ओर से 151 गरीब, दिव्यांग और वृद्धजनों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिहारी सर्राफ व अग्रवाल एसोसिएट दिल्ली के सौजन्य से आटा, दाल, चावल, गुड़, मसाले, तेल, चीनी सहित गर्म टोपा और मोजे भी बांटे गए। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम मौजूद रहे। महेश कोल के सहयोग से आयोजित वितरण में आदिवासी परिवारों तक सामग्री पहुंचाई गई। ट्रस्ट प्रबंधक रामावतार यादव व समाजसेवियों ने बताया कि गरीबों की सेवा का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




राहत सामग्री बांटते एसडीएम मानिकपुर

## दस साल से जमा राशियों के लिए पांच दिसम्बर को जिले में फिर खुलेगा दावा समाधान कैंप

**चित्रकूट।** जिले में दावा रहित जमा राशियों को उनके वास्तविक उत्तराधिकारियों तक वापस दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर आरबीआई, आईआरडीएआई, सेबी और कॉर्पोरेट मंत्रालय के समन्वय से चल रहे राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के तहत 5 दिसंबर को विकास भवन में एक दिवसीय क्लेम कैंप आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 6 से 10 अक्टूबर तक भी ऐसा कैंप लगाया गया था, जिसमें नागरिकों को लावारिस बैंक जमा, बीमा दावे, पेंशन, शेयर, लाभांश और म्यूचुअल फंड से जुड़ी पुरानी और निष्क्रिय वित्तीय संपत्तियों को वापस पाने की प्रक्रिया समझाई गई थी। अनक्लेम्ड डिपोजिट वे राशियाँ हैं जिनमें 10 वर्षों से कोई लेन-देन या दावा दर्ज नहीं हुआ है। कैंप में बैंक, बीमा, पेंशन और म्यूचुअल फंड के नामित अधिकारी एक ही जगह उपलब्ध रहेंगे और नागरिकों को रिकॉर्ड अपडेट करने, दस्तावेज जांचने तथा तत्काल क्लेम प्रक्रिया शुरू कराने में सहायता देंगे।

# भारत-रूस रक्षा साझेदारी: ब्रह्मोस मिसाइल के 'लॉन्ग रेंज' वर्जन पर मंथन



**रूस**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की गुरुवार से शुरू हो रही भारत यात्रा के दौरान, भारत और रूस ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के उन्नत संस्करणों के विकास पर चर्चा कर सकते हैं, जो पाकिस्तान के खिलाफ चार दिवसीय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय रक्षा बलों के लिए गेम चेंजर साबित हुई थी। रक्षा सूत्रों ने एएनआई को बताया कि देश में ब्रह्मोस एनजी जैसी मिसाइलों के हल्के संस्करणों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई है, जिन्हें भारतीय वायु सेना के सभी प्रकार के लड़ाकू विमानों पर लगाया जा सकता है और जिनकी क्षमता 400 किलोमीटर से अधिक दूरी तक लक्ष्य भेदने की है। इसके अलावा, मिसाइलों के लंबी दूरी के संस्करण भी विकसित किए जाने की आवश्यकता है, जो वर्तमान क्षमता से तीन गुना से अधिक दूरी तक लक्ष्यों को भेद सकें।

सूत्रों ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच चर्चा होने की संभावना है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें भारत और रूस, जो पुराने और समय-परीक्षित सहयोगी हैं। राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा से पहले हुई बैठकों में, दोनों पक्ष हाइपरसोनिक मिसाइलों के साथ-साथ लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा कर रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन दो दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। भारत द्वारा एस-400 सुदर्शन चक्र वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की 280 मिसाइलों के सौदे को भी मंजूरी दिए जाने की संभावना है, क्योंकि इनका इस्तेमाल उस देश में कई स्थानों पर पाकिस्तानी ठिकानों के खिलाफ सफलतापूर्वक किया गया था।

भारत ने अपनी नौसेना और अन्य दो सेनाओं को ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है और फिलीपींस को इस मिसाइल का सफलतापूर्वक निर्यात भी किया है। एशियाई क्षेत्र में इसकी और बिक्री के साथ इसे और सफलता मिलने की संभावना है। अपनी सुपरसोनिक गति के कारण, ब्रह्मोस को दुश्मन सेना के लिए रोकना बहुत मुश्किल है और इस साल मई में पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान इसने बिना किसी समस्या के अपने लक्ष्यों को भेद दिया।

# भारत के साथ युद्ध के लिए तरस रहे मुनीर, कट्टरपंथी आर्मी चीफ की इमरान की बहन ने खोली पोल

**पाकिस्तान**

**जेल** में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने देश के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर पर तीखा हमला करते हुए उन्हें एक कट्टरपंथी इस्लामवादी बताया, जो भारत के साथ युद्ध के लिए तरस रहा है। स्काई न्यूज पर द वर्ल्ड विद यल्दा हाकिम पर बोलते हुए अलीमा ने कहा कि मुनीर का इस्लामी कट्टरपंथ उसे अविश्वासियों से लड़ने के लिए मजबूर करता है। अलीमा ने कहा कि आसिम मुनीर एक बेहद कट्टरपंथी इस्लामवादी और इस्लामी रूढ़िवादी है। यही वजह है कि वह भारत के साथ युद्ध चाहता है। उसका इस्लामी कट्टरपंथ और रूढ़िवाद उसे उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए मजबूर करता है जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा खान ने अपने भाई की सोच की तुलना मुनीर से की और कहा कि इमरान खान पूरी तरह उदारवादी हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी इमरान खान सत्ता में आते हैं, आप देखेंगे कि वह हमेशा भारत और यहाँ तक कि भाजपा से भी दोस्ती करने की कोशिश करते हैं। जब भी यह कट्टरपंथी इस्लामवादी, असीम मुनीर, सत्ता में आता है, आप देखेंगे कि भारत के साथ युद्ध होगा और न केवल भारत, बल्कि भारत के सहयोगी देशों को भी नुकसान होगा। अलीमा ने पश्चिम से इमरान खान को रिहा करने के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की अपील की, जिन्हें उन्होंने एक संपत्ति बताया। इमरान खान के स्वास्थ्य के बारे में बढ़ती अफवाहों और उनके परिवार द्वारा उनके जीवित होने का सबूत मांगने के दावों के बीच, रावलपिंडी की अदियाला जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री की बहन उज्मा खानम को उनसे मिलने की अनुमति दी। उजमा खानम जेल में दाखिल हुई, जबकि उनके साथ आए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सैकड़ों समर्थक जेल के बाहर जमा हो गए थे। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई जब पीटीआई ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय और अदियाला जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और इमरान खान से मुलाकात के अधिकार पर पाबंदी का आरोप लगाया। पार्टी का दावा है कि उनके परिवार के सदस्यों और वरिष्ठ नेताओं को कई हफ़्तों से उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी गई थी।

# 'मुश्किल समझौते कराने का श्रेय राष्ट्रपति को मिलना चाहिए'

**अमेरिका**

**अमेरिका** के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रुबियो ने मंगलवार को दावा किया कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने "कई शांति डील की हैं, जिनमें इंडिया और पाकिस्तान जैसे बहुत खतरनाक डील भी शामिल हैं", और कहा कि प्रेसिडेंट अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी को नया आकार देने के लिए "बहुत बड़ा क्रेडिट" के हकदार हैं। व्हाइट हाउस में कैबिनेट मीटिंग के दौरान, रुबियो ने कहा कि दशकों में पहली बार, अमेरिकन फॉरेन पॉलिसी सिर्फ.इस बात से तय हो रही है कि क्या इससे वर "ज्यादा सुरक्षित, मजबूत और खुशहाल" बनता है। उन्होंने कहा, "अगर ऐसा है, तो वह (ट्रंप) इसके पक्ष में हैं। अगर ऐसा नहीं है, तो वह इसके खिलाफ हैं। और इस तरह की क्लैरिटी बदलाव लाने वाली है।"

मंगलवार को राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में रूबियो ने कहा कि कई दशकों में पहली बार अमेरिका को सुरक्षित, मजबूत और अधिक समृद्ध बनाने की सोच के साथ विदेश नीति पर काम हुआ है। रूबियो ने कहा, बाकी सभी शांति समझौतों का कोई जिक्र नहीं करूंगा ।


# रूस की संसद में पुतिन ने भारत के लिए हिलाई दुनिया, हो गया बड़ा फैसला!

**रूस**

**व्लादमीर** पुतिन के भारत पहुंचने से ठीक पहले रूस की संसद में एक बहुत बड़ा ऐलान हुआ है। यह ऐलान भारत को लेकर किया गया है। रूस की संसद के निचले सदन जिसे स्टेट ड्यूमा कहा जाता है, उसने भारत और रूस के बीच एक बड़े सैन्य समझौते को मंजूरी दे दी है। इस समझौते के तहत भारत रूस के मिलिट्री बेसिस का इस्तेमाल कर सकता है। लेकिन सबसे दिलचस्प बात यह है कि अगर नौबत आई तो भारत किसी गंभीर स्थिति या जंग की स्थिति में भी रूस के इन सैन्य अड्डों की दूसरी तरह से इस्तेमाल करने की इजाजत भी मांग सकता है। भारत रूस के मिलिट्री बेस पर अपने जंगी जहाज और लड़ाकू विमान खड़े कर सकता है। अब ये एक

**● भारत रूस के मिलिट्री बेस पर अपने जंगी जहाज और लड़ाकू विमान खड़े कर सकता है। अब ये एक ऐसा ऐलान है जिसने पाकिस्तान से लेकर अमेरिका तक में भूचाल ला दिया है। भारत और रूस के बीच जिस समझौते को रूसी संसद से मंजूरी मिल गई है उसका नाम रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट है।**

ऐसा ऐलान है जिसने पाकिस्तान से लेकर अमेरिका तक में भूचाल ला दिया है। भारत और रूस के बीच जिस समझौते को रूसी संसद से मंजूरी मिल गई है उसका नाम रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट है।



इसमें संयुक्त अभ्यास, ट्रेनिंग, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे काम शामिल हैं। यह फैसला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 4-5 दिसंबर को नई दिल्ली दौरे से ठीक पहले लिया गया। रूसी सरकार के मुताबिक, दोनों देशों के हवाई क्षेत्र और बंदरगाहों का इस्तेमाल आसान होगा। दोनों देश एक-दूसरे को अपने सैन्य जहाजों, युद्धक विमानों और सैनिकों की आवाजाही के लिए मदद देंगे।

भारत की चिंता दूर करने को तैयार: रूस

रूस ने मंगलवार को कहा कि व्यापार घाटे को लेकर भारत की चिंताओं की जानकारी है। प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि मॉस्को इस समस्या को दूर करने के लिए नई दिल्ली के साथ मिलकर काम कर रहा है। पेसकोव ने वैश्विक व्यापार की नई व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया, जहां डॉलर आधारित पेमेंट सिस्टम का उपयोग राजनीतिक टूल के रूप में ना हो।

# पुतिन भारत को देंगे वर्ल्ड पॉवर की मिसाइल, तुर्किए-NATO हुए बेचैन

**रूस**

**4-5** दिसंबर को डोन्ड ट्रंप की नजरें दिल्ली पर टिकी रहेंगी। इन्हीं दिनों जेलेंस्की दिल्ली की हर हलचल का अपडेट लेंगे। फ्रांस के प्रेसिडेंट जर्मन चांसलर ब्रिटेन के पीएम तुर्की के राष्ट्रपति टकटकी लगाए दिल्ली में पुतिन और नरेंद्र मोदी की दोस्ती का दमदार शो देखेंगे। प्रेसिडेंट पुतिन की ऐतिहासिक भारत यात्रा की गवाह पूरी दुनिया बनेगी। पुतिन की भारत यात्रा से ट्रंप की टेंशन बढ़ गई। पुतिन की भारत यात्रा से नाटो में खलबली। पुतिन की भारत यात्रा से तुर्की बेचैन। रूस बोला मोदी सबसे महान पार्टनर। जिस लीडर ने अमेरिका के राष्ट्रपति को बेबस बना रखा है, जिस सुप्रीम लीडर ने यूरोपियन यूनियन की धड़कनें बढ़ा रखी हैं, उन्हीं पुतिन के भारत आने से पहले रूस ने जो कहा है, वो सुनने लायक है, समझने लायक है। वर्ल्ड लीडर किसे कहते हैं, यह जानने लायक है।

पुतिन भारत ऐसे वक्त में आ रहे हैं जब दुनिया में कई मुल्कों की तकदीर नई करवट ले रही है। खासकर युद्ध में उलझी महाशक्तियां पुतिन की हर चाल का बारीकी से विश्लेषण करने में जुट गई हैं। पुतिन की भारत यात्रा से पहले नाटो के पावरफुल सदस्य एक्शन में आ गए हैं। पुतिन अब तक भारत का नौ बार दौरा कर चुके हैं। यह उनका 10वां दौरा है। पहली बार पुतिन वर्ष 2000 में भारत आए। इसके बाद 2002 में भी वह भारत आए। इस दौरान भारत की कमान अटल बिहारी वाजपेयी संभाल रहे थे। पुतिन 2004 में भारत आए। वो 2007 में भी भारत आए।

# हमास के 40 लड़ाकों को इजरायल ने तड़पा कर मारा, टूट जाएगा सीजफायर?

**इजराइल**

**इजराइल** और हमास के बीच एक और जहां पर ट्रंप ने सीजफायर करा दिया। लेकिन इजराइल अब भी हमास को छोड़ने के मूड में नहीं है। खबर मिल रही है कि इजराइल ने सुरंग में घुसकर हमास के 40 लड़ाकों को ढेर कर दिया। यानी बताया यह भी गया कि ये जितने भी हमास के लड़ाके थे ये करीबन 9 महीने से उस सुरंग में थे। छुपे हुए थे और अब इजराइल ने घुसकर उन लड़ाकों को तबाह कर दिया। खत्म कर दिया। इजराइल शायद सीज फायर के मूड में नहीं दिख रहा है क्योंकि अब भी वो हमास के उन 40 लड़ाकों को ठिकाने लगा चुका है। बिल्कुल ये ये बात जो है वो इजराइल की तरफ से जरूर कही गई है।

हालांकि सीज फायर की शर्त को इजराइल ने



माना। शुरू में बेंजामिन नेतन्याहू जो प्रधानमंत्री हैं इजराइल के उन्होंने इस बात को लेकर गुस्सा भी जाहिर किया था कि जो जो शर्तें थी जिनमें शव जो है वो इजराइली बंधकों के लौटाए जाने थे। उसके कई जो है वो बदल के लौटाए गए। कुछ हुआ। हालांकि शुरूआती वो चीजें थी लेकिन उसके बाद इजराइल जो है वो शांत हो गया लेकिन इजराइल शांत जरूर हुआ है।


इजराइल ने कहा कि उग्रवादियों द्वारा लौटाए गए अवशेष गाजा में बचे बंधकों से मेल नहीं खाते।

साथ ही कहा कि वह गाजा से फलस्तीनियों को मिस्र पहुंचने में मदद के लिए आने वाले कुछ दिनों में रफह सीमा चौकी (क्रॉसिंग) खोलेगा। दो बंधकों के अवशेष इजराइल को नहीं सौंपे जाने के कारण इजराइल और हमास के बीच संघर्षविराम के पहले चरण में रुकावट आने का खतरा है। लेकिन, रफह क्रॉसिंग खोलने का वादा करके, इजराइल ने जताया कि वह अमेरिका समर्थित संघर्षविराम के कुछ हिस्सों पर आगे बढ़ रहा है।

# चीन के झूठ का पदार्फाश, ताइवान ने 'नकली खुफिया बैठक' के दावों को बताया CCP की चाल

**यूरोप**

**ताइवान** की सेना ने उन ऑनलाइन रिपोर्टों का कड़ा खंडन किया है जिनमें आरोप लगाया गया है कि उसके खुफिया अधिकारियों ने डच खुफिया समकक्षों के साथ गुप्त बैठकें कीं। द ताइपे टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इन दावों को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) द्वारा ताइवान को बदनाम करने के उद्देश्य से चलाए गए गलत सूचना अभियान का हिस्सा बताया गया है। द ताइपे टाइम्स के अनुसार, सैन्य




खुफिया ब्यूरो (एमआईबी) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यूरोप वांशिदा वेब के आरोपों को खारिज कर दिया। यह हंगरी की एक वेबसाइट है जिसका संचालन कथित तौर पर सीसीपी से जुड़े विदेशी चीनी समूहों द्वारा किया जाता है। अपलोड की गई और बाद में फेसबुक पर प्रसारित की गई इस पोस्ट में दावा किया गया है कि छह एमआईबी अधिकारी मई में डच रक्षा खुफिया और सुरक्षा सेवा (डीआईएसएस) के साथ गुप्त वार्ता के लिए नीदरलैंड गए थे, और डच अधिकारियों ने बाद में पिछले महीने एक अनुवर्ती बैठक के लिए ताइवान का दौरा किया था। एमआईबी ने इस सामग्री को विकृत" और तथ्यों के विपरीत बताते हुए,

बिना किसी विशेष विवरण के, खारिज कर दिया और कहा कि यह पोस्ट एक समन्वित दुष्प्रचार प्रयास का हिस्सा था।

# पुतिन के भारत में लैंड करने से पहले ही युद्ध की तैयारी में ट्रंप, जानें कहां भेज दी 11 वॉरशिप

**अमेरिका**

**अमेरिका** और वेनेजुएला के बीच तनाव उबाल पर पहुंच चुका है और किसी भी क्षण यह एक पूर्ण युद्ध में बदल सकता है। दोनों राष्ट्रपति ट्रंप और मादुरो अपनी सैन्य और सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाकर एक दूसरे को धमका रहे हैं। ट्रंप ने वाइट हाउस में शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की ताकि वेनेजुएला पर अगले कदमों पर चर्चा की जा सके। इस बैठक में युद्ध मंत्री पीट हेक सेथ, विदेश मंत्री मार्को रूबियो और जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन मौजूद थे।



ट्रंप पहले ही इशारा कर चुके हैं कि वह वेनेजुएला पर पूर्ण पैमाने पर जमीनी हमला विचाराधीन है और उन्होंने वेनेजुएला के ऊपर और उसके आसपास के हवाई क्षेत्र को पूरी तरह बंद घोषित कर दिया है। ऑपरेशन साउथर्न स्पीयर के तहत अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास 16,000 से अधिक सैनिक, ऋ35 जेट, इ2 बॉम्बर और दर्जन भर युद्धपोथ जिनमें दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेरल्ड फोर्ड भी शामिल है। तैनात कर दिए हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति माधुरो ने अमेरिकी सैन्य धमकियों के आगे झुकने से इंकार कर दिया है। दरअसल सोमवार को करास में एक सार्वजनिक रैली में माधुरों लोगों के साथ नाचते और खुशी मनाते दिखाई दिए जैसे कोई सुरक्षा खतरा हो ही नहीं। जनता को संबोधित करते हुए माधुरों ने कहा कि उनकी सरकार अमेरिका के साथ संवाद के लिए तैयार है लेकिन डरने वाली नहीं है ।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# भारत- रूस रक्षा सहयोग को नई मजबूती: डूमा ने RELOS समझौता मंजूर किया

**भारत-रूस रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देगी, जिससे दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के सैन्य अड्डों और एयरस्पेस का उपयोग कर सकेंगी**

**रूस**

**रूस** की निचली संसद ह्यस्टेट डूमाह्न ने 2 दिसंबर को भारत के साथ होने वाले अहम सैन्य समझौते को मंजूरी दे दी है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा पर 4 दिसंबर से आ रहे हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को नई गति देने वाला माना जा रहा है। बता दें कि भारत और रूस ने 18 फरवरी को रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स सपोर्ट समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसे पिछले सप्ताह रूसी



प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने डूमा में अनुमोदन के लिए भेजा था। स्टेट डूमा के स्पीकर व्याचेस्लाव वोलोडिन ने सदन में कहा कि भारत के साथ रूस के संबंध व्यापक और रणनीतिक हैं और यह मंजूरी आपसी सहयोग को और मजबूत करेगी।

गौरतलब है कि फ्एछडर समझौता दोनों देशों की सेनाओं थल, नौसेना और वायुसेना के बीच लॉजिस्टिक सपोर्ट के आदानझ्रप्रदान की प्रक्रिया को औपचारिक बनाता है। इस समझौते के तहत दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों, बंदरगाहों और एयरस्पेस का उपयोग कर सकेंगे। इसका इस्तेमाल साझा सैन्य अभ्यासों, प्रशिक्षण, मानवीय सहायता, प्राकृतिक आपदा और अन्य सहमति-आधारित परिस्थितियों में किया जाएगा। रूसी कैबिनेट द्वारा जारी नोट के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों के युद्धपोतों को एक-दूसरे के बंदरगाहों में प्रवेश में सुविधा देता है और हवाई मार्गों के पारस्परिक उपयोग को भी सरल बनाता है। इससे रक्षा सहयोग मजबूत होगा और ऑपरेशनल समन्वय पहले से अधिक सहज बन सकेगा।

इसी बीच पुतिन की आगामी भारत यात्रा भी खास महत्व रखती है। वे 4 से 5 दिसंबर के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। चर्चा का दायरा व्यापार, ऊर्जा, रक्षा सहयोग और सामरिक भागीदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान वे 23वें भारतझ्ररूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

याद दिला दें कि पुतिन आखिरी बार 2021 में भारत आए थे। इसके बाद दोनों नेता इस वर्ष सितंबर में तियानजिन, चीन में रउड सम्मेलन के दौरान मिले थे। वर्तमान वैशिक परिस्थितियों और बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच यह यात्रा दोनों देशों के रिश्तों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।